I. STATUTORY RESOLUTION SEEKING DISAPPROVAL OF THE ACQUISITION OF CERTAIN AREA AT AYODHYA ORDINANCE, 1993.

1I. THE ACQUISITION OF CERTAIN AREA AT AYODHYA BILL, 1993.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARANASAMY) : Shri Krishan La] Sharma to move his Statutory Resolution.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA (Uttar Padesh) ; Sir, I am on a point of order. This Ordinance was promulgated on 7th January, 1993. The present Bill to replace this Ordinance was introduced in the Lok Sabha on 15th March, 1993, and passed by them on 24th March, 1993.

1 would like to draw your attention to the Schedule because there are certain differences between the Schedule which was prescribed in the Ordinance and the one prescribed in the Bill. The Statement of Objects and Reasons of the Bill says : "The Acquisition of Certain Area at Ayodhya Ordinance, 1993. was, accordingly, promulgated by the President on 7th January, 3993. By virtue of the said Ordinance, the light, title and interest in respect of certain area at Ayodhya specified in the Schedule to the Ordinance stand transferred to, and vest in, the Central Government'. I would iike to draw your kind attention to the Ordinance.

Now I woud like to draw your pointed attention to the Ordinance and the Schedule which is prescribed in Section 2 (a). Now there is a "Plot No. 147—Bigha 2—Biswa 14—Biswansi 0" and lays down "(part) Bounded by plot No. 146 on South, jslot No. 143 on West and Road/plot No. S42 on North."

.fflE VICE CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Which portion ? is it Schedule 2(a) ?

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA ; First I am referring to the Schedule of the Ordinance because there are differences between the Schedule of the Ordinance and the Schedule of the Bill which has been introduced. 14—154 RSS/94

Then I would like to mention about Plot No. 160. It specifies only 3 Bigha, 11 I Biswa and 4 Biswansi. Now, kindly ^> ' through the Bill. In the Bill, the Revenue , Plot is mentioned only as "Plot No. 147— I Bigha 5—Biswa 8—Biswansi 0." Earlier I it was specified in the Ordinance as "Bigha 2—Biswa 14—Biswansi 0." In the BUI. that portion mentioned as "(part)" i» missing.

Then kindly go through Plot No. 160 which has been specified in the Bill as "Bigh 5—Biswa 13—Biswansi 0." And, also there are such other differences.

My Submission is that the Statement of Objects and Reasons says that the Ordinance was promulgated by the President on 7th January and the land stands transferred to the Central Government. My submission, therefore, is that the Bill, as it is, cannot be discussed by this House.

THE VICE-CHAIRMAN : Why ?

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA : Because the Ordinance which was promulgated and laid before the House on 23rd February is difteffrent f torn the present Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. N \RAYANASAMY) : You are raising an issue with regard to the Schedule part of it, about some differences which are found. The hon. Minister will reply while....

SHRI YASHWANT SINHA (iBihar) : How can he ? This is a material difference between the Ordinance and the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) :No, no, it is not a material difference but....

SHRI YASHWANT SINHA ; It is. It is referring to different portions of land. It is no; the same land.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) . No, «o, it is not the only land that is under the Schedule. There are so many plots of land. And there may be some printing mistakes, I don't know. ... *(Interruptions)* ...

SHRI YASHWANT SINHA : It is not for you to clarify. .. . *(Interruptions)* ...

SHRI PRAMOD MAHAJAN (Maharashtra) ; Let the Minister clarity.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA : The Minister should clarify.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : That is what I am saying. ... *(.Interruptions)* ... Malviyaji, you have raised your point. The Ordinance and the Bill are there. If there is any discrepancy or if anything which is given in the Ordinance is not there in the Bill, that point will be answered by the Minister while replying.

SHRI PRAMOD MAHAJAN : Not while replying. He must answer and satisfy the House at this point of time. The basic question is, if there is~a difference between the Ordinance and the Bill, you cannot discuss the Bill.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA: The Statement of Objects and Reasons says, the Bill seeks to replace the Ordinance.... *(Interruptions), ..*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : The Minister will answer that point.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA : How can he ... *(Interruptions)* ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : The Minister will reply to that point—I gave you that assurance. The Minister is there.

SHRI YASHWANT SINHA : He has to j clarify it. How can he ? The text of the Bill is different from that of the Ordinance which it seeks to replace.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) ; Mr. Yashwant Sinha, you are a senior Member. The clauses in the Bill and in the Ordinance are the same. As far as the Schedules are concerned, there are some differences which the hon. Member is referring to.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA : Schedule is part of the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V, NARAYANASAMY) : I agree with you that the Schedule forms part of the Bil!. The hon. Minister will reply, will definitely clarify the point.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA ; How can he ? Let him withdraw this Bill and come again,

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR (Uttar Pradesh) ; Two points must be claru fied— No. 1, whether it is by virtue of the amendment carried by the Lok Sabha. I* it is a Bill as amended by the Lok Sabha, we have got no objection. But if this discrepancy was not pointed out in the Lok Sabha, then it is incumbent upon him to explain as to why this discrepancy has occurred. And my colleague here is correct in saying that unless it is clarified to the satisfaction of the House, he cannot proceed with this Bill and he should withdraw it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : No, that cannot be. As far as the Schedule is concerned, he in referring to some discrepancies which I do not know because I have not gone through the Ordinance. I am going through only the Bill which he is referring to.

SHRI SATYA PRAKASH MALVIYA : 1 am submitting for the information of the hon. Members that no amendment was brought in the Lok Sabha.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : That is a point. Mr. Chavan who is going to reply after the hon. Member who is going to put....

SHRI YASHWANT SINHA : The point is we cannot take up the discussion of a Bill which is different in text from the Ordinance.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : As far as the Bill is concerned, ...

SHRI YASHWANT SINHA : Is the Schedule not a part of the Bill ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : The &*eduie forms a part of it.

SHRI YASHWANT SINHA : We are saying that we are acquiring this piece of land.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Sinha, we do not know whether ____

SHRI YASHWANT SINHA : The Government does not know either. But for the diligence of Mr. Malaviya, even this House would not have been aware of it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : I would like to-say something.

SHRI YASHWANT SINHA : The Government js walking blindly in a dark alley. "This is what it is.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : I fell you, Mr. Sinha, the Government is bound to answer that point.

SHRI YASHWANT SINHA : It is not a question of answering it. We cannot take up the Bill for discussion. ' .?; *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Dr. Jain, one minute. Mr. Hanumanthappa wants to say something.

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka) : We are not discussing about the replacement of the Ordinance here now even though the Bill replaces the Ordinance. We have taken up the Bill as passed by the Lok Sabha. There may be a possibility— I do not know—where fee Schedule has been changed at the instance ©f the Lok Sabha. So, we are discussing one thing...

SHRI PRAMOD MAHAJAN ; Why do you say "possibility" ? Let the Minister say so. ... *(Inteiruptions)*

SHRI H. HANUMANTHAPPA ; I am «ot the Minister. So, I have to say so. Mr. Pramod, why don*t you understand me ?
.. . *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN ; I am ready to listen to you for an hour. Why are you taking the responsibility of saying something wbtch you do not know ? It is for the Minister to say so. It is for the Minister to explain it. ...*(.Interruptions)*

SHRI H. HANUMANTHAPPA : Actually my point is that we have taken op the BUI as passed by the Lok Sabha.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) ; That is right.

SHRI YASHWANT SINHA : This is [v] what Mr. Malaviya has made clear. The Lok Sabha has not made those changes. . .. *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN : We are discussing both. ... *(Interruptions)*

SHRI YASHWANT SINHA : They have not changed the Bill. They have not noticed it. Should this House also not notice it ? This House should notice it, now that the House knows about it.

SHRI H. HANUMANTHAPPA : Whether they have noticed it or not, we do now know. Whether they have made a change, we do not know. But the Bill ~ before us is as passed by the Lok. Sabha.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR : It is not only a question of the Bill. ... *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN : There is my Statutory Resolution which is opposing the Ordinance. We are discussing both.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) ; Mr. Pramod Mahajan, ..:::.

SHRI PRAMOD MAHAJAN • Let me complete ory point. Then you can give your ruling.

Even if I take that the Ordinance might have been changed by the Lok Sabha and that this is a new form, though as far as I know it is not correct, still, what about my Statutory Resolution ? I am *oppo^ai* the Ordinance. We are discussing both together.

SHRI H, HANUMANTHAPPA : The, Ordinance is not at all under discussion. ... *(Interruptions)*

SHRI PRAMOD MAHAJAN : Would; you kindly go through this ?

SHRI H. HANUMANTHAPPA : The Bill is replacing the Ordinance. You are opposing it. Your Statutory Resolution

PROF. SAURIN BHATTACHARYA <West Bengal) : That is a Statutory Resolution which has been admitted. ... *(Interruptions)*

THE VICE CHAIRMAN (SHRI V NARAYANASAMY) : Mr. Hanumanthappa, kindly take your seat. There is some clarification on that.

In the Lok Sabha the Bill was introdu ced on the 15th of March, 1993. In that there is a Memorandum regarding modifications contained in the Bii!l to replace the Acquisition of Certain Area at Ayodhya Ordinance, 1993. It says :

> "The Bill closely follows the Ordinance v/ith slight modifications in the Schedule explained below."
>
> "2. It is proposed to acquire the whole area of plot No. 147 situated in village Kot Ramchandra specified against SI. No. 1 of the Schedule, instead of the part area of the said plot as specified in Schedule to the said Ordinance. Further certain factual errors in the description of the area ret'ating to plot Nos. 159 and 160 situated in the said village Kot Ramchandra are proposed to be corrected. Plot No. 242 situated in the said village Kot Ramchandra, is proposed to be denotified and suitable provisions in this regard have been made in clause 13 of the Biil and tlie Schedule. The description of plot No. 244 situated in the said village Kot Ramchandra, which is being acquired in part only, is being cor-recently mentioned in the Schedule."

Therefore, this clarifies the point raised by the hon. Member, Shri Malaviyaji. Some modifications were made. This has been given in tlie Bil' itself which was introduced in the Lok Sabha.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Therefore, the matter is closed.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: No Sir. *(Interruptions)* My objection is regarding the Resolution which is going to be moved by Dr. Jairt and others. It reads *

> "That this House disapproves of the Acquisition of certain area at Ayodhya Ordinance, 1993 (No. 8 of 1993) promulgated by the President on the 7th January, 1993."

They did not contain these things.

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : Mr. Vice Chairman, Sir, I do not know why the hon. Members are making such a big issue out of it. If you have to go> through the Constitution, in spite of the fact that the Ordinance has been issued by the President, thereafter, if there be any change that the Government considers necessary, the Bill as passed by the Lok Sabha is taken into consideration in this House. Merely because you have given a notice for discussing a matter or disapproving the ordinance is a totally different matter. At this stage it is only the Bill as it has been passed in the Lok Sabha, which is before the House.

DR. JINENDRA KUMAR JAJN (Madhya Pradesh) : No. My Resolution is very much. . .*(Interruptions)*

SHRI S. B. CHAVAN : Please iet me explain the position. The changes which have been brought about are lite this. There are certain survey numbers, which were shown but the areas were not properly demarcated. Some survey numbers that were to be acquired, they have been deleted. These are the only changes. There is no substantial change as such. In the Ordinance which has been issued and the Bill as passed by the Lok Sabha, which is before the House, there is hardly any difference, excepting sonic survey numbers. By mistsJke the correct boundaries were not given. That does not change the nature of the Bill. Certainly you can proceed with the discussion, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Now, the matter is dosed. Shri Krishan Lai Sharma to move the Resolution.

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह संकल्प प्रस्तुत करता हूं कि :—

"यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 7 जनवरी, 1993 को प्रख्यापित अयोध्या में कतिपय क्षेत्र अर्जन अध्यादेश, 1993 (1993 का संख्यांक 8) का निरनुमोदन करती है ।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, इस संबंध में मैं अपनी बात यहां से शुरू करना चाहता हूं कि सरकार ने प्रारम्भ से दो बातें कहीं थीं अयोध्या के संबंध में कि या तो अयोध्या के इस . . . (व्यवधान) . . .

SHRI S. B. CHAVAN : Sir, I think both the things are going to be taken together

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Yes both. The Resolution and the Bill.

SHRI S. B. CHAVAN : Then let me also...

THE VICE-CHAIRMAN (SffiU V. NARAYANASAMY) : The procedure i* that while moving the Resolution, th,, hon. Member will speak. Then the Minister has to move ihe Bill.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : मैं अपने इस डिसएप्रूवल के स्टेच्यूरी रेजोल्यूशन पर अपनी कहते हुए . . . (व्यवधान) . . .

PROF. SAURIN BHATTACHARYA : Mr. Vice-Chairman, Sir, there is a point of order. Since the Ordinance has undergone some change, however.. .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : That has been settled.

PROF. SAURIN BHATTACHARYA : No, it is a separate point. However non-substantive a change it is, I would like • to know whether the agenda should be ; both or only the second part of it i.e. the Bil! as passed by the Lok Sabha. After those modifications, which were made prospectively, the Ordinance becomes redundant. Therefore, only the Bill, as passed by the Lok Sabha and moved by the Home Minister should be taken into account and those in favour or those opposing it wi!l deal with it accordingly. In doing that the background and things like that may be stated. But, by amendment in the Lower House the question of Ordinance has been rendered infructuous.

SHRI H. HANUMANTHAPPA : Mr. Vice-Chairman, Sir, actually the disapprovals do not agree. I am saying this because it is not against the Bill that is being moved. So, that Resolution of disapproval becomes redundant in view of the fact that the Bill passed by the Lok Sabha is being considered.

SHRI PRAMOD MAHAJAN : If that becomes redundant, then the original Ordinance also becomes redundant

SHRI H. HANUMANTHAPPA : We are replacing that. *{Interruptions).*

We are not discussing disapproval of the Ordinance. We are not at all discussing the Ordinance. We are actually discussing the Bill and its disapproval in this House.

ICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Let us not go into the technicalities.

SHRI H. HANUMANTHAPPA : Why i ? This is a procedural mistake Why should we not go into it. Let us not conuiiii she same mistake next time. Actually we are discussing disapproval of the Bil'.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : That will be taken note of by the Members in future.

SHR) H. HANUMANTHAPPA : If the hon. Member's disapproval is *to* the Ordinance., then, his approval is there for the Bill. Why is he clubbing them together ? If he says that he is disapproving the Ordinance, the Ordinance is

not being discussed here. It is onJy the Bill which is going to be discussed, as passed by the Lok Sabha.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN : Before pointing it out, the hon. Member should check up the rules.

SHRI H. HANUMANTHAPPA : Dr. Jain, I have checked up the rules. On the basis of that only I am pointing it out. . . *(Interruptions)*. . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Dr. Jain, kindly take your seat. Mr. Krishan Lai Sharma, please continue.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात की और ध्यान दिला रहा हूं कि सरकार ने पहले से काफी देर से यह घोषणा की थी कि अयोध्या का मसला या तो बातचीत से हल होगा या इसका न्यायालय के द्वारा समाधान किया जाएगा । अब मुझे लगता है कि सरकार को इस बात का आभास हो गया है कि अयोध्या के मसले का हल कानून से हो हो सकता है, कोई बातचीत से या इतनी देर से जो समस्या चल रही है, वह किसी कोर्ट से या इससे हल नहीं हो सकती। लेकिन मुझे दुख इस बात का है कि जो कानून लाया गया है, जिस प्रकार से अध्यादेश प्रस्तुत किया गया है यह इतना अधूरा है और इतना निरर्थक है कि यह पहली समस्याओं को उलझाने वाला और ज्यादा विवाद पैदा करने वाला है । मुझे डर है कि इससे भूमि के अधिग्रहण करके और आगे के जो कदम हैं जिसके बारे में यहां पर कुछ बताया गया है, यह शायद उसी प्रक्रिया को चालू रखेगा जिसके कारण पिछले 40 वर्षों में इस समस्या का समाधान नहीं हुआ और उसी तरह से यह समस्या लटकती रहेगी । अतः मैं अध्यादेश को वापिस लेने और इसके डिसएप्रूवल की मांग इसलिए कर रहा हूं कि मुझे लगता है कि मोटे तौर पर यह मंदिर विरोधी अध्यादेश है और इसको लाने का इसके सिवाय कोई अर्थ नहीं है कि मंदिर के निर्माण में और अधिक अड़चनें और देरी पैदा की जाए। मुझे यह भी कहना है कि सरकार कई और भ्रम पैदा कर रही है । सरकार ने यह भी कहा है कि हम इसमें प्रावधान कर रहे हैं, अध्यादेश में या बिल में वह बातें तो नहीं हैं । स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स एंड रीजंस में है कि हम वहां पर मंदिर बनाएंगे, मस्जिद बनाएंगे, यात्रियों के लिए स्थान बनाएंगे, लाइब्रेरी बनाएंगे और अन्य कई चीजें भी बनाएंगे । लेकिन एक तरफ यह कहा जा रहा है कि हम दो ट्रस्ट बनाएंगे—मंदिर और मस्जिद के बारे में । स्टेटमेंट आफ आब्जेक्ट्स एंड रीजंस में यह कहा गया है कि जो विवादास्पद ढांचा है और जो हम 60 एकड़ जमीन ले रहे हैं, इसी के अंदर हम मंदिर भी बनाएंगे, मस्जिद भी बनाएंगे और सारी चीजें जिनका उल्लेख कर रहे हैं, वह भी इसमें लाएंगे । मुझे लगता है कि अपने तौर पर यह उद्देश्य ऐसा है जिसमें ऐसा लगता है कि स्थाई रूप से हम वहां पर झगड़ा बनाए रखना चाहते हैं और इसलिए मुझे यह आवश्यक लगता था कि कम से कम सरकार इसमें यह तो स्पष्ट करती कि अगर मंदिर बनना है तो मंदिर कहां बनेगा, मस्जिद बननी है तो मस्जिद कहां बनेगी और अन्य बाकी चीजें जो बननी हैं तो वह कहां बनेंगी । इसके लिए एक बात और भी मैं इस अध्यादेश के विरोध में कहना चाहता हूं कि सरकार अपने आपको सेक्यूलर गवर्नमेंट कहती है और बाकी पार्टियों को एक उपदेश दे रही है कि कोई भी धर्म को राजनीति के साथ न जोड़े । लेकिन सरकार अब अपने ऊपर यह उत्तरदायित्व ले रही है कि वह मंदिर भी बनाएगी और मस्जिद भी बनाएगी । अब मैं यह कहना चाहता हूं कि सरकार क्या कोई नई परम्परा स्थापित कर रही है ।

2.00 P.M.

सरकार जो है वह मंदिर बनाने का काम और मस्जिद बनाने का काम करेगी, यह नयी परंपरा स्थापित होगी, इस दृष्टि से भी मैं यह मानता हूं कि यह अध्यादेश इस आवश्यकता को पूरा नहीं करता । एक बात और मैं कहना चाहता हूं कि सरकार विवाद को समाप्त करना चाहती है या विवाद को बढ़ाना चाहती है ? इसके बारे में स्पष्ट मन में उसको इस चीज को स्वीकार करना चाहिए और आगे आना चाहिए । अभी जो ये बात कही गई है कि सरकार उच्चतम न्यायालय की धारा 143(1) के अंतर्गत इस मामले को रेफर कर देगी और सरकार ने ये वचन भी दिया है कि जो उच्चतम न्यायालय कहेगा,

हम उसको मानेंगे। अब अगर उच्चतम न्यायालय जो कहेगा, उसको आप मानेंगे तो आप अपनी तरफ से यह कैसे घोषणा कर सकते हैं कि वहां मंदिर भी बनेगा और मस्जिद भी बनेगी और बाकी चीजें भी बनेंगी ।

अब ये जो डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर हैं, इसके बारे में उच्चतम न्यायालय का जो निर्णय है, उसकी प्रतीक्षा किए बिना सरकार का यह कहना कि हम वहां मंदिर भी बनाएंगे, मस्जिद भी बनाएंगे, यह गलत है । मान लो उन्होंने कहा कि यहां मंदिर था और मंदिर ही बनेगा तब मस्जिद बनाने की जिम्मेदारी कौन लेगा ? मुझे इसमें आपत्ति नहीं है कि वहां मस्जिद बने और मेरे मुसलमान भाई वहां पर मस्जिद बनाएं लेकिन ये बात इसमें से कहां से निकल आई कि हम सुप्रीम कोर्ट को ले दे रहे हैं यह फैसला करने के लिए कि वहां मंदिर था या डिस्प्यूटेड चीज थी या नहीं थी और दूसरी ओर हम यह घोषणा कर रहे हैं कि हम दोनों चीजें बनाएंगे । हम मंदिर भी बनाएंगे और मस्जिद भी बनाएंगे ।

महोदय, एक बात और ध्यान में रखनी होगी । गृह मंत्री महोदय यहां बैठे हुए आप यह अध्यादेश लाए, इसको किसने माना? क्या हिंदू संस्थाओं ने माना, क्या मुसलमान भाइयों या संस्थाओं ने माना ? आपने विश्व हिंदू परिषद पर तो प्रतिबंध लगा दिया, उसका गला घोंट दिया, उसकी जुबान बंद कर दी आपने ताकि वह इसके बारे में कुछ न बोले । हो सकता है कि आपके मन में यह बात रही हो कि बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी पर हम प्रतिबंध नहीं लगाएंगे तो वह आपकी हां में हां मिला देगी । कोई मुस्लिम संस्था या नेता ऐसा है जिसने इसका समर्थन किया हो और इसको माना हो ? यह ऐसी चीज है जिसको न कोई हिंदू मान रहा है और न कोई मुसलमान मान रहा है । तो इसमें से सरकार क्या निकालना चाहती है और इसलिए मेरा कहना है कि इस अध्यादेश से कोई भी उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता ।

महोदय, मुझे आश्चर्य हुआ, कल ही सूरजकुंड में प्रधानमंत्री का भाषण हुआ । उन्होंने कहा है कि हम विश्व हिंदू परिषद को मंदिर नहीं बनाने देंगे और यह भी कहा है कि मंदिर कोई पार्टी नहीं बनाएगी, मंदिर जनता बनाएगी लेकिन मंदिर जनता बनाएगी और रामभक्त जनता बनाएगी । यह मंदिर बनाने का काम उस जनता का नहीं है जिन्होंने आदि काल से अंत तक मंदिर बनने का विरोध किया है और वही अब मंदिर बनाने के लिए खड़े हो जाएं । यह सरकार जो है, इसको कम से कम कोई नैतिक अधिकार नहीं है कि इस विषय को वह अपने हाथ में ले । कहने के लिए तो वह हर बार कहते हैं कि नहीं, हम कभी मंदिर के विरोध में नहीं रहे लेकिन एक-एक कदम, 27 जुलाई को साधुओं को विश्वास में लेकर जो 4 महीने में बात पूरी करनी थी, वह नहीं की । फिर 23 नवंबर को हमने राष्ट्रीय एकता परिषद में वचन दिया, वह पूरा नहीं किया और जहां-जहां हमने वचन दिया, मंदिर के विरोध में काम किया ।

मुझे यह कहना है कि अगर सरकार यह अध्यादेश 6 दिसंबर से पहले ले आती और ईमानदारी से यह मान लेती कि जो राम जन्मभूमि न्यास बना हुआ है उसको हम भूमि अधिग्रहण करके दे देंगे और डिस्प्यूटेड स्ट्रक्चर को 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को दे देंगे और जो फैसला होगा वह मानेंगे तो इस समस्या का हल हो सकता था और हम कई मुसीबतों से बच सकते थे । हमने तब नहीं माना और विचित्र बात देखिए कि 11 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यह निर्णय दे दिया कि यू.पी. की सरकार के द्वारा जो अधिग्रहण किया गया था, वह गैर-कानूनी था और अब केन्द्रीय सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट के द्वारा भूमि अधिग्रहण को निरस्त करवाने के बाद यह नया कानून ला रही है । मुझे लगता है कि इन सारी बातों को अगर हम देखें तो जन-भावनाओं की अवहेलना की गई है और जो न्यायालय की भावना है उसकी भी अवहेलना करते हुए सरकार सिर्फ कुछ चीजों को अपने हाथ में लेना चाहती है ।

मैं यह चाहता हूं कि सरकार इस बात के ऊपर गंभीरता से विचार करे । जितनी देरी आप करेंगे या ऐसा कोई प्रावधान करेंगे जिसमें मंदिर बनाने में देरी होती चली जाए, कोई स्पष्ट बात आप नहीं कहेंगे उतना ही गलत होगा । अब तो आपने बहुत आलोचना कर ली कार-सेवकों को गाली दे ली, अब तो जो ढांचा गिर गया, कम से कम इस बात के

लिए तो उनकी तारीफ कर दीजिए कि आपका विवादित ढांचा जो था वह विवाद रहित कर दिया... हालांकि उसके गिरने का हमें भी दुख हुआ...

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलूवालिया (बिहार) : शर्म करो, शर्म करो ।

श्री कृष्ण लाल शर्मा : शर्म तो आपको करनी चाहिए ...(**व्यवधान**)...

श्री सुरेन्द्र जीत सिंह अहलूवालिया यह सेंटेंस कहने से पहले आपने कहा कि हमें भी दुख हुआ । यह क्या डबल स्टैंडर्ड की बातें यहां कहते हो...(**व्यवधान**)

श्री कृष्ण लाल शर्मा : मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि कांग्रेस की तरफ से जो जो बातें कही जाती हैं उनको भी देखिए । प्रधान मंत्री ने कहा था जिस दिन ढांचा गिरा था, कि हम वहीं मस्जिद बनाएंगे । वह जो विवादित ढांचा था उस को फिर से बनाएंगे। मुझे लगता है कि विवाद खत्म करने की दिशा में कदम बढ़ाया जाना चाहिए । विवाद को फिर से वापस लाया जाए और विवाद को जमीन अधिग्रहण कर रहे हैं, उसमें ही हम कहा जा रहा है कि हम 60 एकड़ वाली जो जमीन अधीग्रहण कर रहे हैं, उसमें ही हम सब कुछ करेंगे । अब कह रहे हैं कि हम यह भूमि अधिग्रहण करेंगे, उसमें कंपेंसेशन देंगे, सारी बातें होंगी । इसमें कितना समय लगने वाला है ? सरकार को इस मामले में कोई अधिकार नहीं है कि वह नया ट्रस्ट बनाए । ट्रस्ट पहले से बना हुआ है तो क्या उस को हटाकर कोई नया ट्रस्ट बनाएंगे? मैं गृह मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि अगर सरकार यह कदम उठाती है कि मैं एक प्रापर्टी का मैनेजमेंट कर रहा हूं, उस को सरकार कानून से अधिग्रहण करके ले ले तो वह अलग बात हो सकती है, लेकिन मुझ से लेकर उस को अहलूवालिया जी को दे दें तो इसमें लीगल कांप्लेकेशंस होंगी । क्या आप ये चाहते हैं कि कोर्ट में ये चीजें चलती रहें । यह जो अध्यादेश अधिग्रहण का है इसमें से कोई बात निकलने वाली नहीं है । इसलिए हम कह रहे हैं कि जब तक इस अध्यादेश में यह स्पष्ट नहीं किया जाता है गर्भ-गृह का जो स्थान है, वहीं पर मंदिर बनेगा, जब तक यह आश्वासन सरकार नहीं देती तब तक चाहे जितनी घोषणा सरकार कर ले, इससे समस्या हल होने वाली नहीं है। मस्जिद की बात को इस के साथ जोड़ने का कोई मतलब नहीं है । मस्जिद बनाने के विरोध में हम नहीं हैं लेकिन इस के साथ उसको जोड़ने का कोई अर्थ नहीं है । सुप्रीम कोर्ट का जो निर्णय आएगा उसके आधार पर आप को काम करना है । इसलिए दोनों बातें मत कीजिए । एक तो अध्यादेश की और फिर अपनी घोषणा । ये परस्पर विरोधी हैं । प्रधान मंत्री यह नहीं कह सकते कि हम कोर्ट का जो जजमेंट होगा उस को भी मानेंगे और यह बात भी कहते जा रहे हैं कि हम ट्रस्ट बनाएंगे, हम उसी भूमि के अंदर सब कुछ करेंगे । एक बात ईमानदारी से कहिए, आनेस्टी से कहिए कि या तो सुप्रीम कोर्ट की बात मानेंगे या अपनी बात मानेंगे । नहीं तो सुप्रीम कोर्ट का कहा वैसा ही रखा रह जाएगा । मेरा कहना है कि इस अध्यादेश से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होता । इसलिए मैंने यहां पर यह प्रस्ताव रखा है कि इस अध्यादेश में कानून बनाने के बाद आप जन भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते । राम जन्मभूमि मन्दिर बनाने का काम राम-भक्त जनता के हाथ में है, वह करेंगे और कोई ऐसी सरकार या कोई ऐसी पार्टी जिन्होंने रामभक्त लोगों पर गोलियां चलवाई हैं, रामभक्त लोगों पर लाठियां चलवाई हैं, उनको मारा है, रामभक्त संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है, रामभक्त सरकारें तोड़ दी हैं...(**व्यवधान**)

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh) : Do you mean to say that the Congress people are not to/n *Bhaktas* ?

श्री कृष्ण लाल शर्मा :

It is for them to «o in for introspection.

लेकिन अभी तक जितने भी काम करते रहे हैं, वह चाहे रामभक्त कारसेवक थे, चाहे सरकारें थीं या संस्थाएं थीं उनका गला

बांटने और उनको खत्म करने में लगे हैं . . . । यह सरकार तोड़ने का कलंक इस सरकार के माथे लगा रहेगा जो हमारी प्रदेश सरकारें तोड़ी गई हैं केन्द्रीय सरकार इसके लिए जवाब नहीं दे सकती है । हमारा यह कहना है कि सरकार इस बात से अपने आप को दूर रखे और जो न्यास इस समय काम कर रहा है, भूमि अधिग्रहण करके सारी भूमि उनको सौंपी जाए । सरकार यह स्पष्ट आश्वासन दे कि गर्भ गृह का जो स्थान है वहीं पर मन्दिर निर्माण होगा । यही समस्या का हल है । हम चाहे जो भी सोचते रहें लेकिन लोग इसको नहीं मानेंगे, देश की जनता नहीं मानेगी और इस आधार पर मैं अपनी बात रखते हुए गृह मंत्री द्वारा अयोध्या के संबंध में जो अध्यादेश पेश किया है उसको निरस्त करने के लिए और स्वीकार करने के लिए सदन से प्रार्थना करता हूं कि वह इसे समर्थन दे । धन्यवाद ।

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : Mr. Vice-Chairman, I beg *to* move :

> "That the Bill to provide for the acquisition of certain area at Ayodhya and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The erstwhile Ram Jaomabhoomi-Babri Masjid at Ayodhya has been the cause of a long-standing contentious issue, and this has led to communal tension and violence from time to time, and ultimately on 6th December 1992, the disputed structure was demolished by a crowd of frenzied *kar sevaks*

Following the demolition of the structure, the communal situation deteriorated sharply in many parts of the country, cornttunal riots flared up, a large number of persons were killed or injured and property worth crores of rupees was damaged.

The situation at Ayodhya was considered by the Government of India asd several decisions were taken to pave the way for restoration of communal peace and harmony, and the resolution of the RJB-BM dispute.

The Government of India had accordingly decided to acquire all areas in dispute in the suits pending in *ibis* TSigh, Court, and suitable adjacent areas. It •was further decided that the acquired area, excluding the area on which the disputed structure stood, would be made available to two trusts which would be set up for construction of a Ram Temple and a Mosque respectively, and for planned development of the area.

Since the Parliament was not in session and there was an urgent necessity to acquire the land at Ayodhya, the President of India promulgated the Acquisition of Certain Area at Ayodhya Ordinance, 1993 (No. 8 of 1993) on 7th January 1993. This Bill, as passed by the Lok Sabha, *is* to replace the Ordinance.

Clause 1(2) of the Bill states that it shall be deemed to have come into force from 7th January 1993, the date on which the Ordinance was promulgated.

By virtue of clause 3 of this Bill, the right, title and interest in relation to the acquired-area stand transferred to and vest in the Union Government. The Union Government have appointed the Commissioner, Faiajabad Division, Faiza bad, as the Authorised Person under section 7 of the Ordinance to manage the property and he had taken possession of the acquired area on behalf of the Union Government.

Clause 4(2) of the Bill provides that the acquired land and property shall be freed and discharged from all encumbrances and all orders, judgments, etc., of the courts or other authorities restricting the use of such properties in any manner, appointing any receiver in respect of the whole or any part of such properties, shall "tease to have any effect.

Clause 4(3) of the Bill provides that al! pending court cases, suits, appeals or other proceedings in respect of right, title arid interest in the property which have vested in the Union Government under clause 3 shall abate. Consequently, the title suits in so far as they relate to the acquired property shall abate but not in so far as they relate to any property which has not been acquired under the Ordinance.

According to clause 6 of the Bill, the Union Government has the power to vest the acquired area or part of it in any trust or other authority or body. Thus the two trusts, which are proposed to be set up, can be (given land out of the acquired area.

Clause 7 (2) of the Bill provides that in. the management of the acquired property, the Union Government or the Authorised Person shall ensure that the position existing before the commencement of the Act in the area in which the structure commonly known as Ram Janmabhoomi-Babri Masjid stood is main-*lained.*

On 7th January 1993, the President of India made a reference to the Supreme Court under article 143 (1) of the Constitution for consideration and opinion in regard to the following question :—

> "Whether a Hindu Temple or any Hindu religious structure existed prior to the construction of the Ram Janmabhoomi-Babri Masjid (including the premises of the inner and outer court-yards of such structure) in the area on which the structure stood ?"

In the reference to the Supreme Court, it has been stated that the Government propose to settle the Ram Janmabhoomi-Babri Masjid dispute after obtaining the opinion of the Supreme Court and in the light of the said opinion. The opinion of the Supreme Court is awaited.

The Bill closely follows the Ordinance with slight modifications in the Schedule. Certain consequential provisions following such modifications have been incorporated in clause 13 of the Bill.

It will be seen that the Bill will help in resolving the Ram Janmabhoomi-Babri Masjid dispute, restoring confidence among the people of India and combating the forces of religious fanaticism and the misuse of religion for electoral and other such gains.

The enactment of the Bill will go a long way in restoring communal harmony and amity among the different communities in the country.

I, therefore, commend this Bill to the hon. Members of this House and seek their cooperation in passing it.

THE VICErCHiAIRMAN (SHRI V, NARAYANASAMY) : There is one Amendment by Shri Satya Prakash Malaviya.

SHRI 'SATYA PRAKASH MALAVIYA : Sir. 1 move

> ' 1 hat the Bill to provide for the acquisition of certain area at Ayodhya and for matters connected therewith or incidental: thereto, be referred to a Select Committee of the Rajya Sabha consisting of the following members, namely :—
>
> 3. Shri Yashwant Sinha
>
> 2. Shri Tsh. Dutt Yadav
>
> 3. Shri Chaturanan Mishra
>
> 4. Shri M. A. Baby
>
> 5. Shri P. Upendra
>
> 6. Shri Anand Prakash Gaulam
>
> 7. Shri N. E. Balaram
>
> 8. Shri Md. Salim
>
> 9. Shri Som Pai, and
>
> 10. Shri Satya Prakash Malaviya with instructions to report by the first day of the next Session."

The questions were proposed.

श्री एस. एस. अहलुवालिया (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अयोध्या में कतिपय क्षेत्र अर्जन विधेयक, 1993 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । इस भूमि का और इस क्षेत्र का अर्जन किया गया । आज बहुत सारे प्रश्न उठ रहे हैं । अभी पूर्व वक्ता श्री कृष्ण लाल शर्मा जी कह रहे थे कि आखिर इसकी क्यों जरूरत पड़ी है और

श्री एस. एस. अहलूवालिया—(जारी)

सरकार एक नई परम्परा बना रही है और अब सरकार सारा काम छोड़ कर मंदिर या मस्जिद बनाएगी ? ऐसे सवाल उठ रहे हैं । परन्तु सोचने का विषय यह है कि ऐसे सवाल क्यों उठे ? जब से देश आजाद हुआ है तब से आज तक ऐसा प्रश्न नहीं उठा था । आज की तरह यह प्रश्न क्यों उठ रहा है ? उसके पीछे कौन लोग जिम्मेवार है ? किसने समाज में एक भ्रम पैदा किया है ? ये कौन लोग है जो सारे भारत में राम जन्म भूमि मंदिर न्यास समिति के नाम पर चन्दा बटोर रहे है और हमारे देश के लोगों की भावनाओं के साथ खेल रहे हैं, हमारे देश में सामाजिक और धार्मिक तनाव पैदा कर रहे हैं और देश में एक ऐसे हालात पैदा किये जा रहे है जिससे चारों तरफ अनिश्चितता का वातावरण बन रहा है । मैं कहना चाहता हूं कि बी. जे. पी. का मकसद यह नहीं रहा है कि वहां पर मंदिर बने । मकसद यह रहा है कि राम राम में बसने वाले राम को कुछ लोगों के दिमाग में मस्तिष्क ज्वर के रूप में विवाद पैदा कर देना है और वह मस्तिष्क ज्वर लाकर इस देश में तनाव पैदा करके, खून की होली खेल करके लोगों की भावनाओं को भड़का कर जिस तरह से उनकी भावनाओं को वोट के रूप में परिणीत किया जा सके, नोट में परिणीत किया जा सके । इन दोनों की राजनीति शुरू की गई, नोट और वोट की राजनीति शुरू की गई । उसके कारण मैं बताता हूं । एक तरफ तो 6 दिसम्बर की रात को श्रीमान वाजपेयी जी, बी. जे. पी. के नेता, बी. बी. सी. पर अपने इन्टरव्यू पर कह रहे थे कि यह दुर्भाग्यपूर्ण हादसा हुआ है ।

एक बड़ी चोट पहुंची है, भारतीय संस्कृति और सभ्यता पर । बड़े बुद्धिमान है, वाकई देशप्रेमी है और राष्ट्र के प्रति दर्द है, ऐसा उन्होंने बी. बी. सी. को टेलीफोन पर एक इंटरव्यू में कहा, जो 7 तारीख की सुबह को मैं सुन रहा था । आडवाणी जी ने भी दुख प्रकट किया और तुरंत लोकसभा से विपक्षी नेता के रूप में इस्तीफा दे दिया, इतना उनको रोष था । पर अचानक, उसके बाद कैसी रण नीति बनायी । इन लोगों ने कहा कि इस पर कुछ नोट इकट्ठे किये जा सकते हैं। एक शुरूआत उन्होंने की और एक नया मैसेज इन्होंने अपनी शाखाओं को भेजा कि इस बार की होली रामरंग से खेली जायेगी । और वह रामरंग कहां से आयेगा ? वह अयोध्या से आयेगा । वहां इसके कुछ सदस्यों ने चक्कियां लगाई और ईंटा पीस-पीसकर के रंग बनाने लगे और अयोध्या का रंग नाम करके उसे पूरे देश में बेचने की कोशिश की । पर इसके ट्रक के ट्रक बेकार पड़े रहे और किसी ने खरीदा नहीं । पर इन्होंने निर्देश जरूर भेजा । इन्होंने अपनी शाखाओं को निर्देश भेजा कि अयोध्या से भेजा हुआ रंग जो कारसेवकों के खून से रंगा हुआ है, उस रंग से होली खेली जायेगी । भगवान राम को तो इन्होंने घर से बेघर करने की पूरी कोशिश की पर भक्त प्रह्लाद को भी नहीं छोड़ा । जिस भक्त प्रह्लाद की इज्जत में हम होली मनाते हैं, उस भक्त प्रह्लाद को ये खींचने लगे और राम रंग का प्रचार शुरू हुआ । दूसरा था कि राम नाम का झंडा हर गांव में हर आदमी अपनी छत पर लगाये । रामनौमी अगर कोई मनाता है, नव-रात्रे कोई रखेगा तो क्या वह बी. जे. पी. के कार्यालय से पूछकर रखेगा ? मैं तो बी. जे. पी. का नहीं हूं । मैं नौरात्रे मनाता हूं । मैं राम भक्त हूं पर मैं बी. जे. पी. का नहीं हूं। मैं बी. जे. पी. का इसलिये नहीं हूं क्योंकि मैं राम भक्त हूं क्योंकि मैं मानता हूं कि गुरु गोबिन्द सिंह मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान् के वंशज थे । मैंने दशम ग्रंथ पढ़ा हुआ है । मैं मानता हूं कि गुरु ग्रंथ में राम का नाम रामायण से भी ज्यादा बार आता है । इसलिये मैं राम को मानता हूं । पर मैं बी. जे. पी. का सदस्य नहीं हूं । पर वोटों और नोटों की राजनीति में जो आपने खून-खराबा कराया उसके कारण आज मजबूर होकर सरकार को यह काम भी लेना पड़ा । एक राष्ट्रीय ट्रस्ट बनाकर, उसके माध्यम से यहां मंदिर बनेगा, मस्जिद बनेगी, पूजास्थल बनेंगे । इसके लिये हर एक पार्टी, हर एक लोग, हर एक देश का नागरिक सोच रहा है, साइलेंट मेजोरिटी कि किस तरह से यहां पर एक ऐसी चीज बन जाय जिसके कारण हमारे देश में तनाव कम हो । तनाव तभी कम हो सकता है जब इसका राजनीति-

श्री एस. एस. अहलूवालिया---(जारी)

करण बंद हो । कहने के लिये तो अभी भी बी. जे. पी. के नेता कहते हैं कि हमको इस क्षेत्र अर्जन विधेयक पर कोई आपत्ति नहीं है । बी. जे. पी. के नेताओं के बयानों को पढ़ा जिनमें उन्होंने कहा है कि हमें कोई आपत्ति नहीं है । आपत्ति उन्हें सिर्फ इससे है कि अगर मंदिर बनाना है---तो वह मंदिर राम जन्म भूमि मंदिर का काम है वह राम जन्म भूमि मंदिर न्यास को सौंप दिया जाय जो विश्व हिन्दू परिषद द्वारा चलाया जाता है । और जिसमें बी. जे. पी. के सदस्य हैं । उसको यह सौंप दिया जाये जिससे उनके नोटों और वोटों की राजनीति चलती रहे । अगर इनको राम से वाकई वास्ता होता तो जो राम खुद रथ पर नहीं चढ़े और जो 14 सालों तक जंगलों में नंगे पैर घूमते रहे, अपनी मर्यादा की रक्षा करने के लिये, उस राम को घर को बनाने के लिये टोयटा रथ पर चढ़ने की क्या जरूरत थी जो कि डीजल इंजन से चलता है ? और एक प्रहसन बनाया, ढकोसला बनाया । पूरे भारत में टोयटा रथ पर घूम रहे हैं । मेरे को पता नहीं उस समय टोयटा नाम का कोई असर भी था (व्यवधान) ऐसे टोयटा रथ पर लेकर राम को बेघर कर दिया, जैसे राम को कोई घर किराये पर नहीं दे रहा हो, रहने को जगह नहीं मिल रही हो । जो अरबों लोगों के रोम-रोम में बसता है, उस राम को घर से बेघर बना दिया । जिस राम से आशीर्वाद लेने के लिए नवरात्रों का हम पालन करते हैं, जिस राम से आशिर्वाद लेने के लिए बनारस में लोगों ने एक बैंक बनाया है जहां लोग राम-राम लिख कर अपना बैंक अकाउंट बनाते हैं सच्ची दरबार में, चित्रकूट की दरबार में और सचखंड में हमें जाने का मौका मिलेगा उस राम को इन्होंने दर-दर का भिखारी बनाया सिर्फ अपनी राजनीति के लिए । आज देश के लोग रुदन हैं । देश के लोग समझ रहे हैं कि आपको राम से कोई वास्ता नहीं है । राम से वास्ता अगर होता तो आप इस तरह की सियासत न करते । आपने 1950 से ले कर 1991 तक कभी भी अपने मेनिफेस्टो में राम मन्दिर की बात नहीं लिखी । कहीं उच्चारण तक नहीं है । पर जब आपका पता लगा कि आप सत्ता के करीब पहुंच रहे हैं सिर्फ एक धक्का और लग जाए तो आप निकल जाएंगे, साउथ ब्लाक पहुंच जाएंगे तो आपने राम नाम का भजना शुरू कर दिया ।

कृष्ण लाल शर्मा : कांग्रेस ने भी नहीं लिखा अपने मेनिफेस्टो में ।

श्री एस. एस. अहलूवालिया : हां । हम तो यह बात नहीं कहते । हमें मजबूर हो कर यह काम ...(व्यवधान) किसी ने नहीं लिखा पर यह देश की साइलेंट मेजोरिटी चिल्ला-चिल्ला कर कह रही है कि राम का नाम किसी को भजने नहीं दिया जाएगा, राम मन्दिर अगर बनेगा तो वह भारत का मन्दिर बनेगा, बी.जे.पी. का मन्दिर नहीं होगा । वह भारत की जनता बनाएगी । आप तो कह रहे थे कि राम भगत कहां से मिलेंगे । राम भगत बी.जे.पी. के इम्पलायमेंट एक्सचेंज में नहीं मिलते हैं । वहां राम भगत नहीं मिलते वहां तो रावण भगत मिलते हैं अन्यथा रावण आपके कमल के फूल के चिन्ह पर न लड़ता । उपसभाध्यक्ष महोदय ..(व्यवधान)

मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी (उत्तर प्रदेश) : रावण और सीता दोनों लड़े हैं । राम को वहां भी बेदखल कर दिया इन्होंने ।

مولانا عبید اللہ خان اعظمی : راون اور سیتا دونوں لڑے ہیں۔ رام کو وہاں بھی بے دخل کر دیا انھوں نے۔†

श्री एस. एस. अहलूवालिया : वहां भी बेदखल कर दिया इन्होंने राम को । वहां भी राम की मर्यादा को छोड़ दिया इन्होंने (व्यवधान)

श्री कृष्ण लाल शर्मा : राम को कांग्रेस वाले ले गये (व्यवधान)

श्री एस. एस. अहलूवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर इनकी परंपराओं को हम देखें, इन्होंने किस तरह से प्रचार करना शुरू किया, इनका पदर्फाश अच्छी तरह से हो रहा है,

†[ ] Translation in Arabic script.

6 तारीख को जब मस्जिद का डिमोलिशन हुआ, लाल कृष्ण आडवाणी जी कह रहे थे कि मैंने इस्तीफा दे दिया वही लाल कृष्ण आडवाणी 10 दिन बाद कहने लगे कि कश्मीर में जब मन्दिर तोड़े गये, जलाए गए तो उनके बारे में किसी ने नहीं कहा तो आज हम मस्जिद के बारे में क्यों कह रहे हैं । मैं रिकार्ड के लिए "इंडिया टूडे" ने जो सर्वे किया है, उसको पढ़ कर बताना चाहता हूं ।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री (उत्तर प्रदेश): यह बिल के अन्तर्गत आता है क्या ?

श्री एस. एस. अहलुवालिया : हां । यह भी बताना जरूरी है हम को कि आपके प्रचार माध्यम में क्या क्या कमियां रह गई । बी. जे.पी. ने कहा कि दशनामी अखाड़ा श्रीनगर जिसके परा जला दिया गया है इंडिया टूडे ने उसका सर्वे किया और कहा गया कि वह सेफ है, कुछ नहीं हुआ है । गणपतियार टेम्पल, श्रीनगर जिसको बी. जे. पी. ने कहा कि ध्वस्त कर दिया इंडिया टूडे ने सर्वे करके बताया कि वह भी सेफ है, कोई कुछ नहीं हुआ । रघुनाथ मन्दिर, श्रीनगर का कहा कि जला दिया गया है । उन्होंने कहा कि वहां पर आग तब लगी थी जब बगल के स्कूल की बिल्डिंग में आग लग गई थी । इसलिए उस में आग लग गई थी । शिव टेम्पल, जवाहर नगर श्रीनगर—उसको भी पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है । वह भी कहा गया कि सेफ है । हरपाल मन्दिर, श्री नगर—कहा गया कि पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया है । उसके बारे में भी कहा गया कि सेफ है । शिव टेम्पल, तर्कशाह, श्रीनगर—कहा कि पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है । उसके बारे में कहा गया कि सेफ है । ज्यादेवी टेम्पल, बिजबेहारा—उसके बारे में भी कहा गया कि उसको बिल्कुल ठीक दिया गया है । वह भी सेफ है । बिल्लेश्वर टेम्पल, बिजबेहारा—उसके बारे में कहा गया कि उसको लूट लिया गया है और डैमेज कर दिया गया है । उसके बारे में भी लिखा गया कि सेफ है । शिव टेम्पल, बिजबेहारा—उसके बारे में कहा कि लूट लिया गया है और डैमेज कर दिया गया है । उसके बारे में कहा है कि सेफ है रघुनाथ टेम्पल, अनन्तनाग—उसके बारे में कहा गया कि पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है । उन्होंने कहा कि सेफ है । गौतमनाथ टेम्पल, अनन्तनाग जिसके बारे में कहा गया कि तोड़ दिया गया है, उसके बारे में कहा कि सेफ है । दयालगाम टेम्पल, अनन्तनाग—जिसके बारे में कहा गया कि पूरी तरह से उसको ध्वस्त कर दिया गया है, पत्थरों से मार मार कर उसके बारे में भी कहा गया कि सेफ है । इस तरह से उपसभाध्यक्ष महोदया...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह इंडिया टूडे का एक असत्य प्रचार है । हमने कन्ट्राडिक्ट किया है । चैलेंज करते हैं : अगर गृह मंत्री जी चाहें तो जो गृह मंत्रालय की रिपोर्ट है वह रख दें । यह सूडो जर्नलिज्म का, जर्नलिस्टों का एक नमूना है ।

It is a liar. *India Today* is a liar.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Mathur, whca a Member is speaking, you please let him speak.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: I would say *India Today* is a liar on this count.

श्री चिठ्ठलभाई मोतीराम पटेल (गुजरात): वह बहुत रिस्पेक्टेड मैगजीन है उसके बारे में ऐसा मत कहिए...

श्री एस. एस. अहलुवालिया : माथुर साहब एक सम्मानित सदस्य हैं, उनको किसी भी..

श्री शमीम हासमी (बिहार) : जी टीवी ने अपने टेलीकास्ट में, दो तीन सेकेंड पीछे, शिव मंदिर को दिखाया था । उसके पूरे शू को दिखाया, पूजा अर्चना होते हुए दिखाया और यह कह कर कि यह वही मंदिर है जहां पूजा अर्चना हो रही है जिसके बारे में डी. डी. का कहना है कि जला दिया गया है । वह तो लिखा हुआ था, यह देखा गया है ।

†محترمہ شمیم باشمی: جی۔ ٹی۔ وی۔ نے اپنے ٹیلی کاسٹ میں دو منٹ سنڈے پیچھے شیو لنگ کو دکھایا تھا اس کے پورے ویو کو دکھایا۔ پوجا ارچنا ہوتے ہوئے دکھایا اور یہ کہہ کر کہ یہ وہی مندر ہے جہاں پوجا ارچنا ہو رہی ہے جس کے بارے میں بی۔ جے۔ پی۔ کا کہنا ہے کہ جلا دیا گیا ہے۔ وہ تو لکھا ہوا تھا یہ دیکھا گیا ہے۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. "NARAYANASAMY) : Mr. Ahluwalia, you please continue now.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : इंडिया टुडे की रिपोर्ट गलत है । उन्होंने गलत रिपोर्ट दी है . . . **(व्यवधान)** उसको कहीं से पकड़ लिया . . **(व्यवधान)** उसको पुलिस वालों ने बचाया . . . **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Mathur, you are not yet to reply on this. On this, your Member... *(.interruptions')*... Kindly take your seat ...*{interruptions)*... Mr. Mathur, kindly take your seat.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : गृह मंत्री जी केवल जो रिपोर्ट है उसको पढ़न के पटल पर रख दें . . . **(व्यवधान)**

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : रिपोर्ट आप ही के कार्यालय से मिली थी जिस पर इंडिया टुडे के लोग गये थे । बाहर से नहीं मिली थी ।

श्री एस. एस. अहलुवालिया : ये जिसको असत्य कह रहे हैं . . .

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : इस पर प्रिविलेज का मोशन है । उन्होंने गलत बयानी की थी। उस पर प्रमोद महाजन ने प्रिविलेज का मोशन दिया था । उस पर निर्णय होना चाहिए . . . **(व्यवधान)**

†tl] Transliteration in Arabic script.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI N. NARAYANASAMY) : Mr. Shastri, would you like to speak ?

श्री एस. एस. अहलुवालिया : हरिन्दर बवेजा, जिन्होंने श्रीनगर आकर इन सारे मन्दिरों की फोटो खींची है वहां के लोगों . . . **(व्यवधान)**

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : जम्मू कश्मीर सरकार का यह . . . **(व्यवधान)** स्टेटमेंट है।

श्री एस. एस. अहलुवालिया : शास्त्री जी बैठ जाएं । सच बहुत कड़वा लगता है . . . **(व्यवधान)**

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : मन्दिर निर्माण करने में लोगों ने सहायता दी थी ।

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI (Gujarat) : Mr. Vice-Chairman, may I ask Mr. Ahluwalia one question ? Mr Ahluwalia, would you please clarify that a delegation of MPs was sent in 1985 whereas they submitted the report... *(interruptions)* ...

SHRI S. S AHLUWALIA : I am not talking about 1985 ... *{interruptions)* ... I am not talking about 1985.

SHRI GOPALSINH G. SOLANKI : Why hax-e they not submitted their report...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : गवर्नर जगमोहन से पूछो । क्या कहते हैं ? उनकी रिपोर्ट ठीक है ? इंडिया टुडे वालों का एक प्रचार है . . . **(व्यवधान)**

श्री एस. एस. अहलुवालिया : जगमोहन से क्या पूछना है . . . **(व्यवधान)**

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल : इसलिए जोशी जी पाकिस्तान डे मनाने के लिए गये थे ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Interruptions will not go on record. Kindly take your seat. If you continue speaking, your time will be cut. Mr. Ahluwalia, you please continue.

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) ; Mr. Patel, kindly take your seat.

श्री विष्णु कान्त शास्त्री :*

श्री विठ्ठलभाई मोतीराम पटेल :*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Ahluwalia, you can cor.;'

श्री एस. एस. अहलूवालिया : सच्चाई सामने होने पर जिस तरह से तिलमिलाते हैं उसी तरह से ये तिलमिला रहे हैं । पर सच्ची बात तो यह है कि असत्य प्रचार पर खड़ी है यह पार्टी । जो राम के नाम पर असत्य बोल सकते हैं तो ये किसी के नाम पर असत्य बोल सकते हैं । इतिहास को भी झुठला रहे हैं । सभी झुठला रहे हैं और राम के नाम को असत्य पर पूरा प्रयोग करते हैं । उस राम को इन्होंने अपना व्यवसाय, एक धंधा बना लिया है, एक माध्यम बना लिया है ।

उपसभाध्यक्ष जी, इंडिया टुडे ने एक और मांग की थी---यह भूमि, क्रियेटिव सलूशन टु दी अयोध्या क्राइसिस । मैं चाहूंगा कि सरकार इस भूमि के बारे में जो प्रोपोजल्स आये हैं इंडिया टुडे के पास या इसी तरह के प्रोपोजल्स सारे भारत से मंगवाये जायें और मुझे तो ज्ञात हुआ है कि ऐसे प्रोपोजल्स मंगवाये गये हैं, उस पर कार्यवाही करें और देश के जो गणमान्य लोग हैं, आर्किटेक्ट्स हैं, रिलीजियस लीडर्स हैं, स्पिच्युल पीपल हैं, इनको बिठाकर और जो पोलिटिकल लीडर्ज हैं, उनके साथ सलाह-मशिवरा करके एक डिसीजन लेना बहुत जरूरी है कि इस जमीन को एक्वायर कर लेना ही इस प्राब्लम का सलूशन नहीं होगा । वहां यह भावनायें जो टूटी हैं, इनको जोड़ना तो बहुत कठिन होगा, क्योंकि यह भारतीय संस्कृति और सभ्यता पर बहुत बड़ा कुठाराघात हुआ है और इसका जो दर्द है, तकलीफ है, वह कई वर्षों तक चलती रहेगी और उसको जोड़ने के लिए जिस तरह यह सभ्यता और संस्कृति बनाने के लिए सैंकड़ों और हजारों वर्ष लगे हैं, हो सकता है कि इस दर्द को खत्म करने के लिए भी कई वर्ष लगेंगे । पर उसकी पहल हम लोगों ने की है, आप सब लोगों ने मिल कर की है और इसकी शुरुआत जो हुई है, इसको एक स्वरूप देने की कोशिश तुरंत होनी चाहिए ।

मैं समझता हूं कि यह जो प्रचार दिन-प्रतिदन हो रहा है कि साहब यह सरकारी मंदिर बन रहा है, कि यह सरकारी मस्जिद बन रही है, ऐसी भावना को खत्म करने की जरूरत है और जो भी आदमी ऐसा प्रचार करता है कि यह सरकारी मंदिर या सरकारी मस्जिद बनेगी, मैं समझता हूं कि वह भारत माता के खिलाफ बोल रहा है ।

वहां मंदिर बनना है भारत माता का, वहां मस्जिद बननी है भारत माता की और अगर यह दोनों चीजें बननी हैं, वह भारत माता के प्रतीक के हिसाब से बनेंगी । भारत माता के सपूत वहां जायेंगे पूजा और अर्चना करने के लिए, भारत माता के सपूत जायेंगे वहां नमाज पढ़ने के लिए और इबादत करने के लिए---वैसा एक मंदिर और वैसी एक मस्जिद की जरूरत है । पर वहां बिखराव लाने की कोशिश की कि नहीं यह भारत माता के द्वारा या भारत माता के सपूतों के द्वारा राम मंदिर नहीं बना है, या भारत माता के सपूतों के द्वारा अल्लाह की इबादत-गाह नहीं बनी है, तो मैं समझता हूं कि वह भारत माता का सबसे बड़ा दुश्मन होगा, चाहे वह हिन्दू हो, चाहे वह मुसलमान हो और चाहे वह सिख हो या चाहे ईसाई हो। वहां ऐसी इबादतगाह बनानी है, ऐसा एक मंदिर बनाना है जहां भारत माता के सच्चे सपूत जाकर अपनी इबादत कर सकें, अपनी नमाज पढ़ सकें, अपनी पूजा और अर्चना कर सकें, वहां किसी को रोक नहीं होनी चाहिए । मैं समझता हूं कि ऐसी भावनाओं की जरूरत है ।

बी. जे. पी. ने इस पर खिलवाड़ करना है, विभ्रांत करना है, इसके खिलाफ शोर-गोडा करना है, किन्तु इस सदन पर, जोकि संविधान की संरक्षिका के रूप में एक मंदिर के रूप में खड़ा है, उसका कर्तव्य बनता है कि हम सही प्रचार किस तरह से करें । तो

*Not recorded.

हमारे यहां बोले गये शब्द भी गलत प्रचार में प्रयोग होते हैं । मैं नहीं चाहता कि कोई भी ऐसा दयान हमारे यहां से जाए, जिस के माध्यम से लोगों के दिल में विभ्रांति पैदा हो । जो मांगें हो रही हैं, यह सोचने की जरूरत है कि आखिर कितने दिन इसी तरह धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे और एक दूसरे का खून होता रहेगा । कितने दिन तक अल्लाह के नाम पर और राम के नाम पर, वाहेगुरू के नाम पर, जीसस के नाम पर, एक दूसरे का कत्ल होता रहेगा ?

हम इबादत करना उस वक्त सीखे हैं, जिस वक्त हम एक मौलवी के पल्ले पड़े हैं, राम नाम उस वक्त लेना शुरू किया है हमने, जिस वक्त एक पुजारी के पल्ले पड़े हैं, वाहेगुरू का नाम उस वक्त लेना शुरू किया है हमने जब हम ग्रन्थी के चक्कर में पड़े हैं, जीसस को याद करना उस वक्त शुरू किया है हमने, जब एक पादरी के पल्ले पड़े हैं । पर हम जन्म से तो अपना धर्म लेकर पैदा नहीं हुए थे । जन्म लेकर ही तो हमने यह नाम लेना नहीं शुरू किया था । जब हमें भगवान ने और मुसलमानों के नाम पर अल्लाह ने, सिख के नाम पर अकाल पुरख ने और ईसाइयों के नाम पर सन आफ दी गाड के नाम पर अगर हमने जन्म लिया था एक मानव के रूप में, तो वह मानव का प्रतीक वहां पर बनना चाहिए, मानवता का प्रतीक बनाना चाहिए जो सारे विश्व में, यूनिवर्सल ब्रदरहुड का मैसेज दे सके ।

फैजाबाद से एक मैसेज यूनिवर्सल ब्रदरहुड का हो जो मर्यादाएं राम भगवान की थीं, वह राम भगवान् की मर्यादाओं का मैसेज हो । वह मैसेज तभी जा सकता है जब वहां सर्व धर्म समभाव का प्रचार हम कर सकें । सर्व धर्म समभाव की बात को हम स्थापित कर सकें । सब को उसका धार्मिक अधिकार दिला सकें वहां पर कि कोई भी अगर मुसलमान आकर इबादत करना चाहे तो उसे रोका न जाए । कोई पूजा-अर्चना करना चाहता हो तो उसे रोका न जाए । कोई इबादत करना चाहता हो तो उसे रोका न जाए और कोई क्रिश्चियन आकर वहां प्रेयर करना चाहता हो तो उसे रोका न जाए । ऐसा स्मारक बनाने की जरूरत है, ऐसा एक मंदिर बनाने की जरूरत है ।

मैं समझता हूं कि मेरे इस विधेयक के समर्थन के साथ-साथ सदन के और सदस्य भी अपने विचार रखेंगे और समर्थन करेंगे । धन्यवाद ।

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : माननीय उप-सभाध्यक्ष महोदय, सदन के सम्मुख विचारार्थ जो विधेयक प्रस्तुत किया गया है, मैं उसका विरोध करने के लिए खड़ा हूं । अपने विरोध के आधारों को स्पष्ट करने के पहले मैं एक बात बताना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके नेतागण भारतीय जनता पार्टी की सरकारों का जितना भी विरोध कर लें, व्यवहार में देखा यह जा रहा है कि वे भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा दिखाई गई राह पर ही चल रहे हैं । हमारी सरकार ने वहां के इस प्रश्न को सुलझाने के लिए जो भूमि अधि-ग्रहण का रास्ता बताया था, आज की सरकार भी भूमि अधिग्रहण करके ही उसका समाधान करने का प्रयास कर रही है । हमारी सरकार के मुख्य मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय के पास धारा 143 के अंतर्गत केवल एक मुद्दे पर राय जानने के लिए मसला भेज दिया जाए कि वहां इसके पहले कोई मंदिर था या नहीं । उस समय केन्द्रीय सरकार ने उनकी इस बात को मानने से इंकार किया था। उस समय प्रधान मंत्री जी ने, माननीय गृह मंत्री जी ने बार-बार यह आग्रह किया था कि वे 138(2) के अंतर्गत उस मसले को सर्वोच्च न्या-यालय के पास भेज दें। अब मुझे यह देख कर हैरत होती है और खुशी भी होती है कि हमारी बताई हुई राह पर ही चलना उन्होंने स्वीकार किया और इस मामले को 145 धारा के अंतर्गत ही एक मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय का मत जानने के लिए प्रेषित किया गया है। यह इस बात को साबित करता है कि जिस दूरदर्शिता के साथ, जिस देशभक्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी के नेता इस समस्या का स्थायी समाधान करना चाहते हैं, वही सही दिशा है और आज नहीं, कल देश को उसी दिशा की ओर जाना पड़ेगा । मैं बहुत खेद के साथ, क्षोभ के साथ यह कहना चाहता हूं कि इस विधेयक के उद्देश्य के रूप में जो कुछ कहा गया है और इस विधे-यक में जो कुछ प्रस्तुत किया गया है, उन

दोनों में तालमेल नहीं है। विधेयक के उद्देश्य के रूप में बताया गया है कि विभिन्न संप्रदायों में सांप्रदायिक सौहार्द के लिए, बंधुत्व के लिए व इस बिल को ला रहे हैं। लेकिन बिल में जो कुछ प्रस्तुत किया गया है उस पर अगर अमल किया जाएगा तो बिल्कुल उसके विपरीत फल होगा। मैं इसके कुछ उदाहरण आपके सामने प्रस्तुत करना चाहता हूं।

इस विधेयक की धारा 7 उपधारा 2 के अंतर्गत आर्जित सम्पत्ति के प्रबन्ध के संबंध में एक विचित्र निदेश दिया गया है। उस निर्देश में कहा गया है कि इस कानून के लागू होने के पूर्व राम जन्म-भूमि, बाबरी-मस्जिद नाम से ज्ञात संरचना की जो स्थिति थी उसी पूर्व विद्यमान स्थिति में उसे बनाए रखना आवश्यक होगा। जहां तक मैं इस निर्देश का अर्थ समझ पाया हूं, उसका अर्थ यह होना चाहिए कि इस समय उस भूमि पर जो श्री राम का अधबना मंदिर वर्तमान है वही अधबना मंदिर इस कानून के पास होने के बाद तब तक बना रहेगा जब तक इस कानून में कोई संशोधन नहीं होता। इस कानून में संशोधन करने की कोई गुंजाइश इस कानून के अंतर्गत नहीं है। अगर यह कानून इसी रूप में स्वीकार कर लिया गया तो इसका परिणाम यह होगा कि आज वहां जो श्रीराम लला का अधबना मंदिर है वह मंदिर इसी रूप में वहां बना रहेगा और पूजा-अर्चना जारी रहेगी और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय की तरफ से जो निर्णय होगा उसका पालन कैसे होगा यह भी स्पष्ट नहीं है। अगर समझ लीजिए कि जिस तरह की नीति केन्द्रीय सरकार वहां चलाना चाहती है उसके अनुसार अपनी सुविधा के लिए दो न्यास बनाकर वहां दो मंदिर बना दें, एक जगह श्रीराम मंदिर व एक जगह मस्जिद और यदि रामलला का मंदिर जैसा आज है वैसा ही बना रहा तो स्थिति क्या होगी? उपसभाध्यक्ष महोदय, स्थिति यह होगी कि वहां जो भी हिंदू जाएंगे उनको लगेगा कि राम जन्मभूमि पर जो भव्य मंदिर होना चाहिए उसके स्थान पर यह अध-बना, अध-टूटा मंदिर क्यों बना हुआ है और उनके मन में क्षोभ जागेगा। इसी तरह वहां मुसलमान भाई जाएंगे और देखेंगे कि वहां रामलला की पूजा हो रही है तो उनके मन में क्षोभ जागेगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं नहीं समझ पाता कि 7वीं धारा की उपधारा-2 का बिना संशोधन किए यदि इस बात को स्वीकार किया जायेगा कि जब तक इस कानून में संशोधन नहीं होता तब तक यह अध-बना मंदिर बना रहेगा तो किस तरह हिन्दू और मुसलमान उस स्थिति से संतुष्ट होंगे? हिन्दू निश्चय ही यह चाहेंगे कि जहां श्रीराम का जन्म हुआ था वहां एक भव्य मंदिर बनना चाहिए। याद रखिए राम जन्मभूमि पर राम जन्मस्थान मंदिर बने, यह बात भारतीय जनता पार्टी की नहीं है। भारतीय जनता पार्टी या भारतीय जनसंघ का तो उस समय जन्म भी नहीं हुआ था जब वहां के हिंदुओं ने जनता की इस मांग को स्वीकार कर वहां पर मूर्तियां स्थापित की थीं। उस समय देश में पंडित जवाहर लाल नेहरू प्रधान मंत्री थे, पंडित गोविंद वल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री थे और उनके बावजूद वहां कैसे मूर्तियां बनी रहीं? सिर्फ इसलिए कि वहां के हिंदू उचित रीति से न्यायालय में गए और वहां से उनको निर्देश मिला कि वहां पूजा होती रहे। उस उचित आज्ञा के अनुसार वह पूजा चली आ रही है। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बड़े आश्चर्य की बात है कि हम पर, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर यह लांछन लगाया जा रहा है कि आप वहां राम मंदिर क्यों बनवाना चाहते हैं?

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक सवाल मेरे मित्र माननीय अहलूवालिया जी ने, वह अभी सदन छोड़कर चले गए हैं, उठाया है कि क्यों हम वहां राम मंदिर बनाने के कार्यक्रम में एक राजनीतिक दल के रूप में आए? मैं आप सबको बहुत ही विनम्रतापूर्वक यह बताना चाहता हूं कि 1986 से लेकर 1989 तक सारे देश में सांप्रदायिकता का जो विषाक्त वातावरण बनाया जा रहा था उसको मिटाने के लिए यह आवश्यक प्रतीत हुआ। महोदय, मैं थोड़े में कुछ महत्वपूर्ण घटनाओं का स्मरण दिलाना चाहूंगा। 1 फरवरी, 1986 को कोर्ट के आदेश के अनुसार राम जन्म भूमि मंदिर ताला खुला और ताला खुलने के बाद बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी बनी। बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी उसके आगे नहीं बनी थी और उसको बनाने वाले नेताओं ने कहा कि अगर हम सुप्रीम कोर्ट का दिया हुआ आदेश शाह बानो के मामले में बदलवा सकते हैं तो फैजाबाद जिले की अदालत के आदेश को हम जरूर मस्जिद के मामले में बदलवा सकते हैं और उसके लिए 1986 में सारे देश में आंदोलन किया गया। महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि वर्ष 1986 के दिसंबर

में दिल्ली के वोट क्लब पर एक बड़ा जलसा किया गया था जिसमें यह मांग की गयी थी कि 26 जनवरी, 1987 के गणतंत्र दिवस का बहिष्कार हो, जिसमें यह मांग की गयी थी कि तमाम मुसलमान मंत्री त्यागपत्र दें, मुसलमान सांसद त्यागपत्र दें, जिसमें यह मांग की गयी थी कि तमाम मुसलमान अधिकारी भारत सरकार से त्यागपत्र दें, जिसमें यह मांग की गयी थी कि दिल्ली से अयोध्या तक लांग मार्च किया जाये और वहां जाकर नमाज अदा की जाए । उपाध्यक्ष महोदय, 1986, 87 और 88 में अबाध रूप से चारों तरफ विषाक्त सांप्रदायिक वातावरण जब उन्माद को छूने लगा तब 1989 में पालमपुर के अपने अधिवेशन में भारतीय जनता पार्टी ने निर्णय किया कि अगर इस मुद्दे पर कांग्रेस ने शाह बानो केस की तरह घुटने टेक दिए तो जिस अंध-सांप्रदायिकता की विजय होगी उस अंध-सांप्रदायिकता की लहर में भारतवर्ष डूब जाएगा और इसलिए राष्ट्रीय हित की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी ने 1989 में उस सांप्रदायिकता के उन्माद का विरोध करना अपना कर्त्तव्य समझा जिसने कि सारे देश को विषाक्त वातावरण में डुबो दिया था ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि हम भारतीय जनता पार्टी के लोग राष्ट्रीय कार्यक्रम की दृष्टि से इसको कर रहे हैं, राजनीतिक सुविधा की दृष्टि से नहीं । राजनीतिक सुविधा पाने के लिए तो बराबर कांग्रेस ने ऐसा किया है, बराबर कांग्रेस ने भिन्न-भिन्न स्थानों पर कहीं जाकर यह कहा है कि हम बाइबल के अनुसार राज्य स्थापित करेंगे, कहीं उन्होंने कहा है कि हम सुन्ना के अनुसार सुप्रीम कोर्ट की बात को अस्वीकार कर देंगे । कहीं उन्होंने राम-राज्य की बात कही। इन्हीं लोगों ने राम शिलान्यास करने के बाद कहा कि हम लोग ही देश में राम राज्य स्थापित करेंगे । वह सब साम्प्रदायिकता नहीं है? वह सब वोट और नोट की राजनीति नहीं है ? केवल जब भारतीय जनता पार्टी प्रखर राष्ट्रीयता की दृष्टि से अपनी बात को स्पष्ट कहना चाहती है तो हमारे मित्र हमारे ऊपर साम्प्रदायिकता का आरोप लगाते हैं, जो बहुत ही आश्चर्य की बात है ।

मैं बहुत ही विनम्रतापूर्वक एक दूसरी बात सदन के सामने लाना चाहता हूं । सरकार ने यह बताया है कि वे वहां पर ट्रस्ट बनाएंगे और उनके द्वारा वहां पर राम मंदिर और मस्जिद बनाने की चेष्टा करेंगे । जहां तक मुझे ज्ञात है, सरकार इस प्रकार का कोई कार्य नहीं कर सकती । संविधान की 27वीं धारा के अनुसार सरकार कोई ऐसा टैक्स नहीं लगा सकती जिसका रुपया सरकार किसी धार्मिक संस्थान के निर्माण के लिए, किसी धर्म की उन्नति के लिए खर्च करे । सरकार के पास वही कोष होता है जो अर्थ टैक्स से आता है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि सरकार आखिर किस तरह से मंदिर या मस्जिद का निर्माण कर सकती है क्योंकि सरकार को मंदिर या मस्जिद बनाने के लिए कोष खर्च करने का कोई नैतिक या संवैधानिक अधिकार नहीं है ? अगर सरकार यह नहीं कर सकती तो सरकार के द्वारा बनाया गया ट्रस्ट यह कैसे कर सकता है? मैं इस दृष्टि से मानता हूं कि सरकार एक गलत उदाहरण पेश करने जा रही है । सरकार का काम मंदिर-मस्जिद बनाने का नहीं है । सरकार मंदिर-मस्जिद बनाने के नाम पर जिन ट्रस्टों का निर्माण करना चाह रही है, उन ट्रस्टों की स्थिति अद्भुत है । मुसलमान भाई, मुस्लिम ट्रस्टों के बारे में मुसलमान भाई मस्जिद के निर्माण के बारे में, जो स्थिति है, उसको स्पष्ट करेंगे, लेकिन मैं हिन्दू मंदिर के निर्माण के संबंध में सरकार की जो भूमिका रही है, उसकी निन्दा करता हूं । सरकार चाहती है कि वह संतों में मतभेद उत्पन्न करे, सरकार चाहती है कि वह कुछ संतों को अलग करके एक गलतफहमी के अनुसार वहां एक नया ट्रस्ट बनवाकर वहां मंदिर बनवा ले । लेकिन सरकार को निराशा हाथ लगी है । एक भी प्रमुख संत, हिंदू संत उसको ऐसा नहीं मिला है जो इस बात को स्वीकार करे कि राम जन्मभूमि मंदिर, जहां श्री राम जी का जन्म-स्थान था, जहां गर्भ गृह था, उसके अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर मन्दिर बनाने की सरकार की बात कोई भी संत मानने को तैयार नहीं है । जो संत विश्व हिन्दू परिषद का विरोध भी कर रहे हैं, उन्होंने भी डंके की चोट पर कहा है कि श्री राम जन्मभूमि मंदिर केवल गर्भ गृह पर, जहां श्री राम जी का जन्म हुआ था, उसी स्थान पर बनाया जा सकता है । मैं नहीं जानता कि सरकार किस तरह से इस प्रकार कोई ट्रस्ट बना सकती है ? लेकिन मैं एक बात बहुत साफ

के साथ कहना चाहता हूं कि सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि वहां श्री राम जन्म-स्थान पर मंदिर बनाने के लिए श्री राम जन्म-भूमि न्यास का गठन हुआ था और यह आज नहीं हुआ, यह उस समय किया गया जब कि संतों की बड़ी भारी मंडली प्रयाग में जुटी थी । जब संतों को यह अनुभव हुआ कि अगर भारत की स्वाधीनता को उसकी वास्तविकता उच्चता तक पहुंचाना है, भारतवर्ष की मर्यादा को, अस्मिता को, पहचान को वास्तव में चिन्हित करना है, रेखांकित करना है तो भारतवर्ष की संस्कृति के प्रमुख निर्माताओं में जो भगवान श्री राम चन्द्र जी रहे हैं—कोई उनको भगवान माने या न माने, महापुरुष माने, जैसे कि हमारे आर्य समाज के भाई मानते हैं, लेकिन यह सभी लोग मानेंगे कि जो भारतीय संस्कृति है, उसमें जो उच्चतम आदर्श हैं, उन आदर्शों का निरूपण श्री राम जी ने अपने जीवन के द्वारा किया था ।

> बिना राम के आदर्शों का चरमोत्कर्ष कहां है ?
>
> बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है ??

भारतवर्ष को भारतवर्ष के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए, राम की महिमा को स्वीकृत करना चाहिए संतों ने प्रयाग में, भारत के हमारे सबसे बड़े संत पूज्य देवरहा बाबा के निर्देश में, जिनका आशीर्वाद लेने स्वयं इंदिरा जी जाया करती थीं, बड़े-बड़े नेता जाया करते थे, उनके निर्देश में, वहां के समस्त बड़े-बड़े संतों की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि न्यास का निर्माण किया गया और उस न्यास के निर्माण के समय 18 दिसम्बर, 1985 को यह निर्णय किया गया कि भारत में सम्प्रदाय की मान्यता के अनुसार रामानन्द सम्प्रदाय राम भक्ति का सबसे बड़ा सम्प्रदाय है, इसलिए राम जन्म-स्थान पर मंदिर बनाने के लिए जो रामानन्द सम्प्रदाय के जगद्गुरु थे, उनकी अध्यक्षता में ही एक न्यास बन सकता है । तो रामानन्द सम्प्रदाय के वर्तमान आचार्य जगद्गुरु रामानन्दाचार्य त्रिदण्डीचार्य की अध्यक्षता में 18 दिसम्बर, 1985 को राम जन्मभूमि मंदिर न्यास की स्थापना हुई और इस राम जन्म भूमि मंदिर न्यास के आधार पर सारे देश में जनता से सहयोग समर्थन किया गया । लोग कहते हैं कि यह राजनीति का अखाड़ा है, मैं नहीं जानता कि महात्मा गांधी के आंदोलन के बाद भारतवर्ष में कोई दूसरा ऐसा आंदोलन हुआ हो जिस आंदोलन को जनता का इतना व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ है । मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि करीब सवा छः करोड़ लोगों ने सवा-सवा रुपए देकर इसके लिए आठ करोड़ रुपये से अधिक राशि अर्पित की । तीन लाख गांवों में मंदिर निर्माण के लिए शिला पूजन हुआ । शिला पूजन एवं चरण पादुका पूजन के कार्यक्रमों में 11 करोड़ भारतीयों, ने भाग लिया । इस विशाल कार्यक्रम को चलाने के लिए देश के कोने-कोने में जाने के लिए जो साधु-संत जिस राम जन्म भूमि न्यास का निर्देश लेकर गए, आप उस राम जन्म भूमि न्यास को किनारे कर एक नया न्यास बना सकते हैं और उस नए न्यास के द्वारा आप वहां मंदिर का निर्माण करवा सकते हैं और आप कल्पना कर सकते हैं कि उस सरकारी न्यास के द्वारा बनाये गए मंदिर के प्रयास को हिन्दुस्तान की जनता स्वीकार कर लेगी। मैं आपको बहुत विनम्रता से चेतावनी देना चाहता हूं कि अगर आप अपनी शक्ति के अहंकार में, अपनी सत्ता के मद में इस प्रकार का कदम उठाएंगे तो जनता इस मद को खंडित करेगी आपके इस स्वपन को, दुःस्वपन को चूर-चूर करेगी और किसी दूसरे न्यास को स्वीकार नहीं करेगी । श्री राम जन्म भूमि मंदिर बनाने का अधिकार संतों के द्वारा आशीर्वाद प्राप्त स्वामी देवरहा बाबा, स्वामी वामदेव महाराज, स्वामी अवैधनाथ जी महाराज और दूसरे जो पूजनीय संत जिनका सारे भारतवर्ष में समान आदर और सम्मान है, उनके आशीर्वाद के द्वारा पुष्ट जो राम जन्म भूमि न्यास है, वही राम जन्म मंदिर बना सकता है । मैं आपसे बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि 143वीं धारा के अन्तर्गत जो आपने एक मुद्दे पर सलाह लेने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पास यह प्रस्ताव किया है, मैं इसका विरोध नहीं करता लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि अगर आप यहां उपलब्ध सारी सामग्री का विचार करते तो इसकी आवश्यकता का अनुभव नहीं करते । जो सारी ऐतिहासिक सामग्री, जो सारी पुरातन सामग्री, जो सारी साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक सामग्री

उपलब्ध थी, इसके पहले और उसके बाद भी उस ढांचे के गिरने के साथ-साथ उसमें जो शिला लेख प्राप्त हुए, उसमें जो सैकड़ों मूर्तियां प्राप्त हुईं, वे सब यह घोषणा कर रही हैं कि वहां एक पूर्व मंदिर था और उस पूर्व मंदिर की सामग्री का दुरुपयोग कर वह ढांचा बनाया गया। मैं बहुत ही पीड़ा के साथ यह सत्य आपके सामने प्रकट करना चाहता हूं कि हमारी केन्द्रीय सरकार ने, हमारे तथाकथित सेक्युलरवादी नेताओं ने उन शिलालेखों को बिना पढ़े उन शिलालेखों के बारे में अद्भुत-अद्भुत बातें कहनी शुरू कर दी। मैं आपसे बहुत क्षोभपूर्वक कहना चाहता हूं कि अगर उन शिलालेखों में संस्कृत के साथ फारसी का भी कोई उल्लेख होता या कोई फारसी का शिलालेख प्राप्त हुआ होता तो सारे देश में तहलका मच जाता। लेकिन जो दो पुराने शिलालेख प्राप्त हुए उनको बिना पढ़े तथाकथित सेक्युलरवादी नेताओं ने खासकर मार्क्सवादी इतिहासकारों ने यह कहना शुरू किया कि वे तो वहां कहीं-से लाकर रख दिए होंगे। इससे बड़ी निरर्थक, इससे बड़ी बौद्धिक बेईमानी नहीं हो सकती। जो शिलालेख वहां प्राप्त हुए हैं, उनका कार्बन टैस्ट हो सकता है, उनका परीक्षण कराया जा सकता है, उस पर लिखे पाठ से इतिहास का ज्ञान हो सकता है। बिना उन सब की ओर गए केवल उसको नकार देना अपने दम्भ का, अपने अहंकार का प्रमाण देना तो है, सत्य की जानकारी की जांच करना नहीं है। मैं बहुत पीड़ा के साथ यह बात कहना चाहता हूं कि आज कांग्रेस सरकार, आज प्रधान मंत्री बार-बार यह कहते हैं कि वहां किसी पार्टी के द्वारा मंदिर नहीं बनाया जाएगा। आप कैसे मंदिर बनवा रहे हैं? क्या कांग्रेस एक पार्टी नहीं है? क्या कांग्रेस अगर वहां ट्रस्ट बनाएगी तो उस ट्रस्ट में उसकी पार्टी के समर्थित लोग नहीं रहेंगे और क्या आपके द्वारा बनाए गए उस ट्रस्ट को सारे देश की जनता प्रतिनिधि ट्रस्ट के रूप में धार्मिक ट्रस्ट के रूप में स्वीकार कर लेगी? आप एक नया दवन्द, एक नया संघर्ष पैदा करने जा रहे हैं। मैं बहुत विनम्रता के साथ यह चेतावनी देना चाहता हूं कि आग से खेलने की प्रवृत्ति से आप बाज आएं। अब हम आशा करें कि आप हमारे द्वारा अपनी सत्ता को, अपनी गद्दी को सुरक्षित रख सकते हैं। मैं दृढ़तापूर्वक यह कहना चाहता हूं कि जो सारे के सारे ऐतिहासिक साक्ष्य उपलब्ध हैं, उन पर निष्पक्ष रूप से जब सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगी तो उसका एक ही निर्णय हो सकता है।

3.00 पी. एम.

कि बार-बार प्रमाणित तथ्य के अनुरूप वहां एक हिन्दू मंदिर था, उस हिन्दू मंदिर को ध्वस्त करके मीर बाकी ने, बाहर से आए हुए एक आक्रमणकारी ने जो मस्जिद बनाई थी, वह वास्तव में एक राजनीतिक दुष्कृत्य था, वह कोई धार्मिक कार्य नहीं था। मैं मुसलमान भाइयों की इज्जत करता हूं। मैं चाहता हूं कि वहां पर निश्चय ही पंचकोशी की सीमा के बाहर मस्जिद बनाई जाए। हम लोगों ने बार-बार कहा है कि हम उसके निर्माण में कार-सेवा करेंगे। हिन्दुओं और मुसलमानों की वास्तविक एकता, वास्तविक सौहार्द इसी में हो सकता है कि राम मंदिर बनाने में मुसलमान भाई अपनी कार-सेवा अर्पित करें और वहां जो पंचकोशी की सीमा के बाहर मस्जिद बने, वहां हम सब अपनी कार-सेवा अर्पित करें। तब हम भारतवर्ष में हिन्दू और मुसलमान एकता का, राष्ट्रीय एकता का ज्वलंत उदाहरण पेश कर सकेंगे।

महोदय, ट्यूनीशिया से लेकर इंडोनेशिया तक कोई भी मुस्लिम देश ऐसा नहीं है जिसमें किसी न किसी बात को लेकर मस्जिदें न हटाई गई हों। हम वहां पर सम्मानपूर्वक स्थानांतरण के पक्ष में थे। हम इसको अधिकार के साथ कहना चाहते हैं कि अन्यायपूर्ण सरकारी दबाव के कारण, सरकारी दांवपेंच के कारण कार-सेवकों के मन का जो क्षोभ उस दिन वहां प्रकट हुआ, उसकी कोई पूर्व योजना नहीं थी। हमारे ऊपर बार-बार लांछन लगाए गए हैं कि हमने वहां पर कोई षड्यंत्र किया था, हमने कोई प्रशिक्षण दिया था, हमने उसको तोड़ने की योजना बनाई थी।

मैं आश्चर्यचकित हूं कि भारत सरकार ने श्वेतपत्र अयोध्या पर प्रकाशित किया लेकिन उस श्वेतपत्र में या उसके बाद भी भारत सरकार ने कोई उदाहरण नहीं दिया, कोई प्रमाण नहीं दिया कि उस ढांचे को तोड़ने की कोई पूर्व योजना बनी थी कि नहीं। बार-बार बताया गया कि चंबल में बनाई गई,

बार-बार बताया गया कि डायनामाईट का उपयोग किया गया, सब*, सब पाखंड ।* के सहारे, दुष्प्रचार के सहारे राजनीतिक सत्ता प्राप्त नहीं कर सकता । सत्ता आपके हाथ में है । क्यों नहीं आप प्रमाणित करते ? आपने बंबई के बम विस्फोट का षड्यंत्र प्रमाणित कर दिया और आपने बताया कि आई. एस. आई. की कैसे इसमें कार्यशैली थी ? आप क्यों नहीं प्रमाणित कर पाते ? आपको प्रमाण देना चाहिए, केवल व्याख्यान नहीं । आपको तथ्य देने चाहिए । बिना तथ्यों के आधार पर आपके ये दिए गए व्याख्यान किसी कीमत के नहीं ।

इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आइए, हम सब सहयोग के आधार पर भारत के मंगल के लिए एक स्थाई समाधान करें। श्री राम जन्मभूमि पर राम जन्म मंदिर, राम जन्म न्यास के द्वारा बनाएं । उसमें हिन्दू, मुसलमान, ईसाई सब भाइयों का सहयोग प्राप्त हो और मुसलमानों के लिए पंचकोशी की सीमा के बाहर एक आलीशान मस्जिद बनाई जाए जिसमें हम सब अपनी कार-सेवा देने के लिए प्रस्तुत हैं । मान्यवर, मैं आपके माध्यम से ...**(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर, मैं एक मिनट लूंगी । एक तो इन्होंने अभी एक असंसदीय शब्द बोला है*, इसको रिकार्ड में से निकाल दिया जाए । दूसरा ये जो बोल रहे हैं बिल्कुल असत्य है । ये अभी नागालैंड में चुनाव में गए थे तो दीमापुर में इनकी सभा में ऐलान हुआ था कि जो मुस्लिम हैं, वे इनकी सभा से बाहर चले जाएं ...**(व्यवधान)**

श्री विष्णु कांत शास्त्री : बिल्कुल* ...**(व्यवधान)** मेरे सामने* बोलने की कोशिश मत कीजिए ...**(व्यवधान)** असत्य, असत्य, घोर असत्य ...**(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Kindly don't say* You can say "untrue".

श्री विष्णु कांत शास्त्री : ये बिल्कुल असत्य बोल रही हैं ...**(व्यवधान)** मेरे कितने मुसलमान दोस्त हैं यह कलकत्ता विश्वविद्यालय में जाकर कोई भी जान सकता है ...**(व्यवधान)** ओबैदुल्ला आजमी साहब जानते हैं ...**(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : You have to conclude now.

श्री विष्णु कांत शास्त्री : ओबैदुल्ला आजमी साहब जानते हैं कि इस्लाम के बारे में बड़ी श्रद्धा के साथ मैंने अध्ययन किया है और ओबैदुल्ला आजमी साहब को भी इस्लाम के बारे में अपनी जानकारी के कुछ उदाहरण दिए हैं । मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के विरोध में जो अनर्गल विषैला प्रचार हो रहा है, उससे किसी का लाभ होने वाला नहीं है । उससे देश की हानि होगी क्योंकि हम लोग जो हैं, हम लोग जो कहते हैं, जो करते हैं, वह बार-बार आचरण पर खरा उतरता है ।

इसलिए मैं आपके माध्यम से इस माननीय सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि स्थायी समाधान का रास्ता एक ही है कि हम सब मिलकर राम जन्मभूमि पर श्री राम का एक मन्दिर बनाएं और पंचकोशी सीमा के बाहर मुसलमान भाइयों के लिए एक शानदार मस्जिद बनाएं । मैं समझता हूं कि इसको स्वीकार कर लेने के बाद एक स्थायी समाधान, सौहार्द का वातावरण सारे देश में निर्मित होगा । आपने मुझे अपनी बात कहने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं ।

श्री राम नरेश यादव : महोदय, मैं अयोध्या में कतिपय क्षेत्र अर्जन विधेयक, 1993 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं । यह जो बिल आया है यह अपने में पूर्ण है इसलिए और भी पूर्ण है कि जिस तरह से पिछले दिनों राम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद के प्रश्न को लेकर अयोध्या में हमारे देश के कुछ लोगों ने और राजनीतिक दलों और सांप्रदायिक संगठनों ने जो उत्पात मचाया था, जो एक हिंसा का तांडव नृत्य पूरे देश के पैमाने पर फैलाने का काम किया, उसकी आंच दुनियां के दूसरे मुल्कों में भी जहां फैली उस को

*Etpuaged ag ordered by the Chaii.

ध्यान में रखते हुए और कांग्रेस पार्टी ने जो पहले भी कहा था और 6 दिसम्बर को जब हमारे बी. जे. पी. के भाइयों ने, अपने सहयोगी दलों के संगठनों ने, जो कि सांप्रदायिक हैं, उन लोगों ने मिलकर अयोध्या में बाबरी मसजिद गिराने का काम योजनाबद्ध रूप से किया था, उसके बाद भारत के प्रधान मंत्री ने इस बात की घोषणा की थी कि मसजिद भी बनाई जाएगी और मंदिर भी बनाया जाएगा और उस कड़ी में मैं आपका ध्यान और पूरे सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अपने घोषणा पत्र में भी कांग्रेस पार्टी ने कहा था जो बहुत ही महत्वपूर्ण है, 1991 के चुनावी घोषणा पत्र में हमने वायदा किया था कि मस्जिद नहीं गिराई जाएगी और मंदिर भी बनाया जाएगा । जब यह प्रश्न घोषणा पत्र में दे दिया गया था और उस के बाद 6 दिसम्बर को जिस तरह से हमारे उधर बैठे बी. जे. पी. और दूसरे दलों ने मिलकर इस तरह की स्थिति पैदा की, उस के आधार पर एक आर्डिनेंस का लाना, जमीन का ऐक्वायर किया जाना और फिर दो ट्रस्ट बनाकर राम मंदिर बनाने और मस्जिद बनाने का जो निर्णय सरकार ने लिया उसी कड़ी में यह विधेयक अपनी जगह बहुत ही प्रासंगिक है ।

महोदय, मैं इस सिलसिले में इतना जरूर कहना चाहता हूं कि हमारे कुछ भाई इस देश की, जिनकी राजनीति वही है, उनसे अलावा कुछ नहीं है, धर्म से राजनीति को जोड़कर सत्ता में आने के लिए जो काम कर रहे हैं, वह रास्ता सचमुच विनाश का रास्ता है, निर्माण का रास्ता नहीं है और यही कारण है कि जब हमारे उधर के बैठे हुए बी. जे. पी. के भाइयों ने इस बात का ऐलान किया कि हम राम मंदिर बनाएंगे और राम मंदिर बनाने के नाम पर हम सत्ता में आने का काम करेंगे और इस अंतराल में उन्हें भी सारी घटनाएं घटीं, अयोध्या में घटीं और उसके बाद दूसरी जगहों पर घटीं, बंबई में, गुजरात में जिस तरह से लोग मारे गए, लोगों की सम्पत्ति जली, दिल जले, दिल टूटे, वहां से घटनाएं दूसरी जगहों पर शुरू हुईं, यह इस बात का सबूत है कि यह सचमुच रास्ता विनाश का रास्ता है । इन्हें तो विनाश का रास्ता ही पसंद था क्योंकि यदि विनाश का रास्ता पसंद न होता तो ये राम के नाम को बदनाम नहीं करते ।

श्रीमन्, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भी राम राज्य की कल्पना की थी । उनका राम राज्य ऐसा नहीं है जैसा इनका है जो राम के नाम पर कुर्सी पर आना चाहते हैं । इसलिए जब हम उन्हें राष्ट्रपिता कहकर संबोधित करते हैं तो बी. जे. पी. के लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को मानने के लिए तैयार नहीं होते । यही इस बात का सबूत है कि इस देश को ये कहां ले जाना चाहते हैं । जब राम राज्य की कल्पना की बात आती है तो मैं आपके सामने सितम्बर, 1929 में भोपाल में गांधी जी ने अपना भाषण करते हुए स्पष्ट रूप से कहा था कि राम राज्य से मेरा अभिप्राय हिन्दू राज्य नहीं है । . .

श्रीमन, मैं शास्त्री जी और वर्मा जी से भी कहना चाहता हूं जो कहते हैं कि आप भी राम का नाम लेते हैं, कि समझिए इस बात को कि गांधी जी का क्या सपना था, किस तरह का विचार था, किस तरह की परिकल्पना थी । उन्होंने कहा था कि राम राज्य से मेरा अभिप्राय हिन्दू राज्य नहीं है । मेरे लिए राम राज्य का अर्थ जो ईसाई लोगों के लिए बाइबिल में है, वही है । मेरे नजरिए में राम और रहीम एक ही भगवान के दो नाम हैं ।

सिवाय सत्य और सद्चित्त के मैं एक भगवान के किसी और दूसरे भगवान को नहीं मानता ।

इसके पहले भी 1927 में उन्होंने "यंग इंडिया" में लिखा था —

"मैं अपेक्षा नहीं करता कि मेरे सपनों के भारत में एक ही धर्म होगा । यह पूर्णतः ईसाई होगा या पूर्णतः मुसलमान होगा । मैं चाहता हूं कि भारत में सहिष्णुता व्याप्त हो और सभी धर्म साथ-साथ कंधे से कंधा मिला कर चलें ।"

यह भावना भी जिस भावना को लेकर हमारे संविधान में संशोधन किया गया और उस संशोधन को कड़ा में सेक्युलारिज्म शब्द जोड़ा गया। यह देखकर कि आप लोग किस रास्ते पर देश को ले जाना चाहते हैं। वह रास्ता देश के विनाश का होगा और इसीलिए सेक्युलारिज्म शब्द संविधान में रखा गया। उस सेक्युलरिज्म के आधार सर्व धर्म समभाव का जो कल्पना थी गांधी जी की, देश के अन्य लोगों की, शहीदों की, उस आधार पर आज भी देश का मामला चल रहा है। लेकिन जब ये लोग धर्म को राजनीति में घसीटेंगे और घसीट कर सत्ता में आने की बात करेंगे तो राम को भी बदनाम करने का काम करेंगे। कहते हैं वहां पर मस्जिद नहीं थी, मन्दिर था। 1949 में मूर्ति को रखकर जिस तरह से सारे विवाद को खड़ा किया उससे लगता है कि आप राम मन्दिर नहीं बनाना चाहते आप राजनीति पर रोटियां सेंकना चाहते हैं, गद्दी पर आना चाहते हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि राम का मन्दिर जहां पर आप मानते हैं अगर वह सचमुच में मन्दिर मानते हैं तो आपने उसे ढहाने का काम क्यों किया।

उसको ढहाने का काम किया क्योंकि हम मानते हैं मन्दिर नहीं वह मस्जिद थी या विवादित ढांचा था और सारा मामला न्यायालय के विचाराधीन है तो किसी कीमत पर भी वह संभव नहीं हो सकता। 143 के अंदर मामला विचाराधीन है। सुप्रीम कोर्ट के अंदर गया हुआ है। उसको रैफर किया गया है। सुप्रीम कोर्ट जो आदेश करेगा उस आदेश के आधार पर कांग्रेस पार्टी और यह सरकार करेगी। जैसा अभी कल हमारे प्रधान मंत्री जी ने घोषणा की कि हम मन्दिर भी बनायेंगे, मस्जिद भी बनायेंगे, दोनों बनायेंगे और दोनों के लिए न्यास बनाने की बात कही है। इस तरह से सचमुच में एक बात साफ हो जाती है कि आप लोग इस तरह से देश की राष्ट्रीय एकता को, अखंडता को खतरा पहुंचाना चाहते हैं। देश सब का है, आपका ही नहीं है। आप राम की बात करते हैं आपने तो अयोध्या में मन्दिर भी गिराया। आप हिन्दू राष्ट्र का नारा देते हैं और उस आधार पर लेंगे राम का नाम और गिराने का काम करेंगे मन्दिर तो न आप मन्दिर की रक्षा कर सकते हैं, न मस्जिद की रक्षा कर सकते हैं, न संविधान की रक्षा कर सकते हैं और संविधान की मान्यताओं की रक्षा कर सकते हैं। और न ही आप देश में राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा कर सकते हैं। राम गोपाल साखी मन्दिर को भी आपने ढहाया। सीता रसोई को भी आपने ढहाया। आखिर क्या-क्या नहीं किया आपने। फिर भी आप कहते हैं राम मन्दिर बनायेंगे। यह स्पष्ट बात है जो इसमें आया है ट्रस्ट बनाने की बात। जमीन को एक्वायर करने की बात। यह अपनी जगह पर बिल्कुल सही है।

दूसरे जो आप कहते हैं कि हमने एक ट्रस्ट बनाया था। विश्व हिन्दू परिषद ने, साधु, संतों ने तो क्यों नहीं उस ट्रस्ट को यह सौंप दिया जाता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि विश्व हिन्दू परिषद, आर.एस.एस., बजरंग दल पर जो प्रतिबंध लगाया है वह इसलिए लगाया है कि सचमुच इन लोगों के सामने देश नहीं है, इन लोगों के सामने कुर्सी है। जब कुर्सी की इस प्रकार ललक रहेगी, देश नहीं रहेगा तो पूरे देश के पैमाने पर जो स्थिति बनेगी वही होगी जो ये लोग कहते हैं। दूसरी जगहों पर जो घटनाएं हुई उनकी चर्चा मैं करना नहीं चाहता। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि इसलिए लगाया गया क्योंकि आपने जमीन एक्वायर की थी 2.77 पर्यटन के नाम पर और दे दी विश्व हिन्दू परिषद को मन्दिर बनाने के नाम पर। यह दे करके सचमुच में आपको जिस काम के लिए दी गई थी उस काम के लिए इस्तेमाल न करके दूसरे काम के लिए दे दी। जब यह सारा मामला दिखाई पड़ता है तो देश की जनता जान गई कि आपने रथ यात्रा भी की, शिलापूजन भी किया। आपको पता लग गया कि शिलापूजन से कुछ नहीं हुआ, रथ यात्रा से कुछ नहीं हुआ। इससे आपने देश के जनमानस में भय आतंक पैदा कर दिया और साम्प्रदायिक सद्भाव जो देश के अंदर बना हुआ था, एकता की भावना जो पैदा हो गई थी उसको बिगाड़ने का काम जितना भी हो सकता था वह सारा काम बड़े पैमाने पर आपने किया।

और रथ यात्रा की तो उसका परिणाम देश को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि प्रधान

मंत्री ने प्रयास नहीं किया । मैं याद दिलाना चाहता हूं कि राष्ट्रीय एकता परिषद की बैठकें हुईं और कई बार बैठकें हुईं । साधु संतों से बात की गई क्योंकि हमारे पास दो ही रास्ते थे । एक तो विचार विमर्श द्वारा और दूसरा न्यायपालिका द्वारा मामला हल किया जाय । जब विचार-विमर्श का दौर चल रहा था और जब सारे लोगों से बात चल रही थी, विरोधी दलों से बात चल रही थी और मामला हल होने ही वाला था तो आपने घोषणा कर दी कि 6 दिसम्बर को कार सेवा की जाएगी । एक तरफ तो आप कहते हैं कि बातचीत द्वारा मामला हल होना चाहिए दूसरी तरफ आप बातचीत के रास्ते में अड़ंगे डालते हैं । इससे साफ है कि आपका दिल साफ नहीं है और आपकी करनी और कथनी में अन्तर है । आपके मुंह में दो जबानें हैं । जिस प्रकार से विषधर होता है, जिसको हम सर्प कहते हैं, जब वह किसी को काट देता है तो वह मर जाता है । उसी प्रकार से आपने सारे देश में जहर फैलाने का काम किया है । देश की एकता पर प्रहार किया है जब हाई कोर्ट ने स्टे किया कि कार सेवा का निर्णय स्थगित किया जाय, आपने उसको भी नहीं माना । आपके मुख्य मंत्री कहते हैं कि हमारे वश की बात नहीं है, हमारा कोई अंकुश नहीं रह गया है । सुप्रीम कोर्ट में मामला उठा और सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि कार सेवा स्थगित की जाय । लेकिन न आपने हाई कोर्ट के आदेशों का पालन किया और न ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन किया । आपने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को न मान कर उनका अपमान किया है । आप सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देते हैं और उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य का मुख्य मंत्री शपथ पत्र देता है कि हम विवादित ढांचे को गिरने नहीं देंगे, उसकी रक्षा करेंगे और कार सेवा का मतलब सिर्फ कीर्तन और भजन है, कोई निर्माण का काम नहीं होगा, लेकिन आपने वहां चबूतरा बनने दिया और कहा कि यह अस्थायी ढांचा है । सुप्रीम कोर्ट ने अपना ओबजरवर भेजा, एक कमीशन भेजा जिसने कहा कि यह स्थायी ढांचा है । हमेशा आपकी करनी और कथनी में अन्तर रहा है । सुप्रीम कोर्ट के स्टे के बाद भी आपने कार सेवा की । सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि रेडियो और दूरदर्शन पर इसका प्रचार भी होना चाहिए । लेकिन आपके मुंह में कुछ और बगल में आपके कुछ और है । यह किसी से छिपा नहीं रह गया है कि किस तरह से विवादित ढांचे को गिराया गया है । अगर आप हिन्दू राष्ट्र की कल्पना करेंगे तो यह स्वाभाविक है कि आपके मन मस्तिष्क में क्या है । इससे साफ है कि आप मुस्लिम और दूसरे जो अल्पसंख्यक समुदाय हमारे देश में है उनको किनारे लगाना चाहते है । अगर विवादित ढांचे को गिराया गया है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है । आपको स्वीकार करना चाहिए कि विवादित ढांचा हमने गिराया है । अब आप इस देश की जनता को गुमराह नहीं कर सकते है । जनता इस बात को जानती है कि बी.जे.पी. एक साम्प्रदायिक दल है और उसने इस विवादित ढांचे को गिराया है । यह इस देश के हितों के विरूद्ध, सेकुलरिज्म के विरूद्ध और इस देश की न्यायपालिका का अपमान और अवमानना है । सारे देश की जनता अब इस बात को जान गई है । मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर आप किस मर्यादा का पालन करना चाहते हैं ? राम ने तो उत्तर और दक्षिण को एक करने का प्रयास किया था । आज कहां गये वे वानर, कहां गये जटायु, कहां गये निषाद और बाली और विभिषण जिन्हें राम ने गले लगाया था और आप क्या कर रहे हो ? आपने देश को तोड़ने का काम किया है । आपका काम राष्ट्रीय हितों के विरूद्ध है । इस देश की जनता अब आपको माफ करने वाली नहीं है । राम का नाम लेकर और राम के नाम को सड़कों पर लाकर आप देश का भला नहीं कर सकते हैं। आपकी दो जबानें हैं.. (**व्यवधान**)।

श्री अनन्तराय देवशंकर व्यास (गुजरात) : आप चारों राज्यों में चुनाव क्यों नहीं कराते हैं ? चुनाव क्यों नहीं होने देते हैं... (**व्यवधान**) ।

श्री राम नरेश यादव : मैं बात समझ रहा हूं क्योंकि आपके मुंह में राम बगल में छूरी वाली बात है ।

श्री कैलाश नारायण सारंग (मध्य प्रदेश) : 45 सालों तक लोगों को यही कहते रहे ।

श्री राम नरेश यादव : समझ लीजिये, आप जिस हिन्दू राष्ट्र की कल्पना कर रहे हैं,

यह मत समझिये कि सारे हिन्दू आपके साथ साथ हैं । आपने गिनाया कि 8 करोड़ लोग शिला पूजन में शामिल हुए थे, वहां पर इतनी जनता शामिल हुई थी । अब वह समय नहीं रह गया है, समय बदल गया है, लोगों के दिल और दिमाग बदल गये हैं ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : इस समय चुनाव करा लीजिये और यही भाषण कर दीजिये । जमानत जब्त हो जायेगी ।

श्री राम नरेश यादव : चुनाव तो होंगे ही । हमारा लोकतंत्र में विश्वास है, संविधान में विश्वास है । आप जैसे लोग तो संविधान को तोड़ना चाहते हैं । लेकिन कांग्रेस पार्टी संविधान के प्रति प्रतिबद्ध है, सेकुलरिजम के प्रति प्रतिबद्ध है इसलिये लोकतंत्र के प्रति कांग्रेस के लोगों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गयी है । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि जहां जहां भी चुनाव हुए, अभी नार्थ-ईस्ट में हुए । देखा क्या परिणाम रहा ? इसके पहले पंजाब में हुए । पंजाब के चुनावों का नतीजा देश की जनता के सामने है । फिर अब चुनाव होंगे । चुनाव तो होंगे ही । यह बात मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस के एजेंडे पर साम्प्रदायिक सद्भाव स्थापित करना पहला काम है । जो कांग्रेस का एजेंडा है उसमें टूटे हुए दिलों को जोड़ने का काम करना है, जो लोग भयभीत हुए हैं उनको ठीक करने का काम करना है और साथ ही देश की जनता को विश्वास दिलाना है । साथ ही माइनारिटीज के लोगों में जो एक असुरक्षा की भावना, आतंक की भावना पैदा करने का आपने काम किया है, उस भय को उस आतंक को निकालने का काम कांग्रेस पार्टी और सरकार करेगी, यह उसका पहला एजेंडा है । इसलिये इसके आधार पर चुनाव होने ही हैं ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : आप तो अपनी पार्टी में भी चुनाव नहीं करा सकते ।

श्री राम नरेश यादव : हमारी पार्टी उसी तरह लोकतांत्रिक है । लेकिन आपने अपना ही कहना कहते हैं और अटलजी जी कुछ कहते हैं, मस्जिद गिराने के बाद ।

THE VTOF-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Please conclude.

श्री राम नरेश यादव : इसलिये पहले अपने गिरेबान को देखिये कि आप कहां पर हैं । आप कभी भी राष्ट्रीय सीन पर आने वाले नहीं हैं । यह देश जो 88 करोड़ जनता का देश है । इस देश में हिन्दू हैं, मुस्लिम हैं, इसाई भी हैं और सारे अन्य धर्मों और सम्प्रदायों के लोग हैं। अगर उन सब की रक्षा होगी तो सेकुलरिज्म की रक्षा हो सकेगी और सेकुलरिज्म की रक्षा करने की जिम्मेदारी आपकी नहीं है। आपका काम इसको तोड़ना है। जो लोग इसको तोड़ने वाले हैं, आने वाले दिनों में ही इस देश के मतदाता खड़े होकर कहेंगे कि तुम लोगों ने देश को तोड़ने का काम किया है। अब हम देश को तोड़ने नहीं देंगे । इसलिये मैं आपसे कहना चाहता हूं कि एक कवि ने जो कहा है उसको मैं अपने मित्रों को सुनाना चाहता हूं :

"आग कहां लगती है ये किसको गम है,
आंखों में कुर्सी है परचम है,
मर्यादा आ गयी चिता के कांडों पर
कूचे-कूचे राम टंगे हैं झंडों पर।
संत हुए नीलाम मजहब की भट्टी में,
कोई भेद नहीं साधु-पाखंडी में,
सब नंगे हो गये वोटों की मंडी में,
निर्वाचन निर्भर हो गये हथकंडों पर
है फतवों का भार इमामें-पंडों पर
जो सबको भा जाए ऐसा वीर नहीं
मिलता
ऐसा कोई संत कबीर नहीं मिलता
जिनके माथे पर मजहब का लेखा है
हमने उनको शहर जलाते देखा है

शहर जलाने का मतलब देश की आत्मा को जलाने का काम साम्प्रदायिक शक्तियों ने किया है और उसमें बी.जे.पी. जैसे राजनैतिक दल भी हैं जिसने इलेक्शन कमीशन के यहां कहा कि हम सेकलरिज्म में विश्वास करते हैं । उससे आगे भी इसमें कहा गया है कि :

राम नहीं मोहताज किसी के झंडों का
सन्यासी साधु-संतों या पंडों का,
राम नहीं मिलते ईंटों और गारे में
राम तो शबरी के झूठे बेर, केवट की नाव,
घायल जटायु की अन्तिम सांस में, या फिर
मर्यादा का पालन करने वाले आम आदमी में
राम नहीं मिलते मंदिर के घेरों में ।
राम मिले शबरी के झूठे बेरों में ।

यह है, आप पहचानिये । राम को आप नहीं पहचान सके । आपने जो काम किया है वह राम को भुलाने का काम किया है और उनकी मर्यादा को धूल में मिलाने का काम किया है ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष जी, दो पंक्तियां मुझे भी कह लेने दीजिये। बड़ा अच्छा है । बड़ा मजा आ जायेगा राम नरेश जी को । . . . **(व्यवधान)** . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. Sarang, he is not yielding. You take your seat.

श्री कैलाश नारायण सारंग : आपकी आज्ञा से ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : No, no. He is not yielding.

श्री राम नरेश यादव : आपका रास्ता विध्वंस का है । मत विध्वंस कराइये । देश में आग मत लगाइये, जन-मानस को तोड़ने का काम मत कीजिये ।

इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी के जो सिद्धांत हैं उन सिद्धांतों के आधार पर यह बिल लाया गया है । मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि इसमें आप सहयोग करें ।

यही है वह कड़ी संविधान के संशोधन की। हम चाहते हैं, मंदिर बने, मस्जिद भी बने, हम पहले भी कह रहे थे कि हम मन्दिर बनाने के विरोधी नहीं हैं लेकिन मस्जिद को गिरा कर के नहीं, देश के सेकुलरिज्म को तोड़ कर के नहीं । इसलिए आज भी आवश्यकता है, मुझे विश्वास है कि हमारे उधर के भाई तो समझने वाले नहीं हैं लेकिन हमारे जो दूसरे विरोधी दलों के भाई हैं, आज जरूरत इस बात की है कि आइये हम सब मिल कर के खड़े हों साम्प्रदायिक शक्तियों का जवाब देने के लिए। देश के संविधान की रक्षा करने के लिए, सेकुलरिज्म की रक्षा करने के लिए एक हो कर आगे बढ़ें । देश रहेगा तो हम सब रहेंगे और देश का जिम्मेदार कांग्रेस ने आज अपने ऊपर लिया है । हमें विश्वास है कि पूरे देश का जनमानस साथ रहेगा और सभी भाई इस बिल को पास कर के एक नया ऐतिहासिक कदम उठाने का साहस करेंगे जो राष्ट्रहित में है, समाज के हित में होगा । विशेष रूप से हमारा जो साम्प्रदायिक सद्भाव बिगड़ा है, टूटा है, इस कड़ी को जोड़ने के लिए सब लोग आगे आएंगे । यही एक अस्त्र है, जिस अस्त्र के आधार पर हमें विश्वास है कि हम सब मिल कर के देश को एकता के सूत्र में बांध सकेंगे । इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का जोरदार समर्थन करता हूं ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष महोदय, एक सेकेंड । उत्तर प्रदेश की जनता आज कह रही है :—

> जाके प्रिय न राम वैदेही,
> तजिये ताहि शत्रु सम यद्यपि परम सनेही ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Maulana Obaidutta Khan Azmi.

श्री राम नरेश यादव : आप तो राम को मानते ही नहीं हैं **(व्यवधान)**

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी : माइनारिटी के मामलों में इंटरफियर करना बंद कीजिये आप लोग, मेरे टाइम का एलान उपसभाध्यक्ष जी ने कर दिया है ।

रिस्पेक्टेड वाइसचेयरमैन साहब, अयोध्या के सवाल पर सरकार की तरफ से जो यह बिल आया है, मैं इसकी मुखालफत करते हुए कहना चाहता हूं कि मुल्क के पास ऐसे भी खानीन हैं जिनके जरिये इस मसले को हल किया जा सकता है। नया कानून बनाने की कोई जरूरत नहीं थी । अगर सरकार की नीयत साफ है तो जो मुकदमात सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हैं उन को टाइम मुकर्रर कर के मुकदमात का फैसला करवाया जा सकता है । मगर मैं समझता हूं कि सरकार इस मामले का फैसला करवाने में अपनी दिलचस्पी नहीं रखती । इसलिए नया बिल ला कर एक नयी लाइन पैदा करना चाहती है । हकूमत अच्छी

तरह से जानती है, मुल्क भी अच्छी तरह से जानता है कि हिन्दुस्तान भर में बाबरी मस्जिद टूटने के बाद जो शर्मनाक हादसात वाकये हुए हैं, उनकी वजह क्या है । क्या यकायक पूरा हिन्दुस्तान जलने लगा, क्या यकायक हिन्दू मुसलमान सद्भावना का माहौल बिगड़ गया, क्या यकायक शहरों में बम फूटने लगे ? आज मुल्क जिस कगार पर खड़ा हुआ है, पूरे मुल्क को तमाशा बनाने का जिन लोगों ने काम किया है, मैं देख रहा हूं कि इस विधेयक पर जब से बहस शुरू हुई है दोनों तबका एक दूसरे पर इल्जाम प्रति इल्जाम लगाने में मसरूफ हैं और अपनी-अपनी बुराइयों को छिपाने के लिए एक दूसरे की बुराइयों को तलाश कर रहे हैं । सफाई के साथ हाउस में बात होनी चाहिए ताकि मुल्क में एक सच्चा और सीधा पैगाम प्राप्त हो । हिन्दुस्तान बड़ी कुर्बानियों के बाद आजाद हुआ । आसानी के साथ हमने अपने मुल्क की आजादी हासिल नहीं की है । इसमें बेपनाह हिन्दुओं का खून, सिखों का खून और देश के इसाइयों का खून इस जमीन के एक एक जर्रे में कतरा बन-बन कर के गर्क हुआ है, दफन हुआ है तब हमारी यह सोने की चिड़िया या सोने की धरती आजाद हुई है । हमने मुल्क की आजादी हासिल करने के लिए जुल्म से जंग की थी, जुल्म को इस देश में फैलने नहीं देंगे, कंसरूपी को इस देश में आने नहीं देंगे, रावण की विचारधारा इस देश में चलने नहीं देंगे, इन्सानियत का गला जो विदेशी हिन्दुस्तान में आ कर घोंट रहे थे, हम इस इन्टरनेशनल के साथ जंगे आजादी लड़े कि जब हमारा मुल्क आजाद होगा । जब हिन्दुस्तान की धरती पर स्वतंत्रता का सूरज उगेगा तो हम ऐलान करेंगे—

"एक शजर ऐसा मुहब्बत का उगाया जाए
जिसका हमसाये के आंगन में भी साया जाए"

हमने इस मुल्क की आजादी इसलिए हासिल नहीं की थी कि जो अंग्रेज हमारे मंदिर और मस्जिद के नाम पर लड़ा रहे थे, धर्म और बर्मा के नाम पर लड़ा रहे थे, मजहब के नाम पर, हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर लड़ा रहे थे । पूरे हजार साल तक हमारे मुल्क के हमारे सिख और मुस्लिम लीडर सिन्धों और हमलावरों में इन्डियन पीनल कोड मुल्क में मजहब पीनल कोड-ताजा हमारे भी यही कह रहे थे और आज भी यही कहा जा रहा है कि बाहरी हुकूमत करो की पालिसी अंग्रेजों की पालिसी थी जिसकी बुनियाद पर उन्होंने इस मुल्क के हिन्दुओं और मुसलमानों को बांटा, कत्ले-गारद-गरी का माहौल पैदा किया, लोगों को लड़ाया, साम्प्रदायिकता का जाल बिछाया । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि वे अंग्रेज चले गये हैं । 15 अगस्त 1947 को हमारा मुल्क आजाद हो गया । इस धरती पर अब न अंग्रेजी राज है न अंग्रेजी दौर है । मगर आज भी मंदिर मस्जिद के नाम पर जंग जारी है । आज भी हिन्दू-मुसलमान का खून बेदर्दी के साथ बह रहा है । आज भी आदमियत भारत में रूसवा हो रही है । आज भी हिन्दुस्तान की कौमत का सिर अपने ही भाइयों के कत्ले-गारद-गरी के माहौल को देखते हुए पूरी दुनिया के सामने सरनुगं शर्मिन्दा है। आज यह काम कौन कर रहा है । क्या इस तरह के कामों से यह साबित नहीं हो रहा है कि अंग्रेज चले गये मगर उनके एजेंट यहां मौजूद हैं । ये एजेंट हुकूमत करने वालों में भी घुसे हुए हैं, अपोजीशन में रहने वालों में भी घुसे हुए हैं और वे अंग्रेजी कारोबार बड़ी सफाई के साथ इस मुल्क में फैलाकर हिन्दुस्तान के लोगों को आजादी की उस नेमत से फिर महरूम कर देना चाहते हैं जिस आजादी की नेमत से हमको महरूम करने के लिए अंग्रेजों ने हमारी धरती पर जब हमला किया था तो हमारे मुल्क के हिन्दुस्तान के वफादार उन हिन्दू और मुसलमान राजाओं और नवाबों जिनके टीपू सुल्तान और दूसरे हिन्दू वफादार हिन्दुस्तान के राजाओं का नाम भारत की आजादी की तारीख में सुर्ख फेहरिस्त है, उसे फरामोश नहीं किया जा सकता है । मैं कहना चाहता हूं कि इन तमाम्तर कुरबानियों के बाद भी इतना खून बहा है इस मुल्क के इत्तिहाद के लिए, इतना लहू गिरा है इस मुल्क के इत्तिहाद के लिए कि गांधी जी, मौलाना आजाद, मोहम्मद अली जौहर, हसरत मोहानी, भगत सिंह और इस तरह के हमारे जितने आजादी के वीर, महावीर पुरखे और मुजाहिद रहे हैं उनके खून के एक-एक कतरे का हिसाब लगाइये । यह कम आजादी का खून नहीं था । आम एकसत्व और जातीय-सौहार्दपने को स्थापित करने के लिए एक खून इस धरती के हवाले नहीं किया था । यह हिंदू महासभाइयों का खून था, हिंदू संगठन को इकट्ठा करने वालों का खून था। इस मुल्क को तरक्की के रास्ते पर ले जाने वालों का खून था । हिन्दुस्तान को आजादी दिलवाने वालों का लहू था । इनके खून की

कीमत दुनिया के आम खून से तोली नहीं जा सकती है । आज से फरेब का पर्दा अगर हट जाए तो गंगा जमुना में जितना पानी है उस पानी से कहीं ज्यादा भारी भरकम मुकद्दस वह खून है जो खून हिन्दुस्तान की आजादी को हिन्दुस्तान की कौमों को बराबर होने से बचाने के लिए इस मुल्क के तहफ्फुज के लिए हमारे मुल्क के मुजाहिदों ने आजादी ने इस धरती को देकर हमारे वजूद और हमारे मुस्तकबिल को महफूज किया । यह वह खून है जो इस मुल्क के निर्माण के लिए बुनियादी पत्थर बना हुआ हिन्दुस्तान की आजादी की बिल्डिंग के नीचे दफन है । आज उसको तबाह करने के लिए इस मुल्क को तोड़ देने के लिए इस मुल्क को हिन्दू-मुस्लिम के नाम पर बांट देने के लिए इस मुल्क को मन्दिर और मस्जिद के नाम पर बांट देने के लिए, ये अंग्रेजी एजेंट जो इत्तिफाक से हिन्दुस्तान में पैदा हो गये हैं जो अपने आपको हिन्दुस्तानी कहते हैं मगर कारोबार सब अंग्रेजों का ले कर रहे हैं . . . । वह अंग्रेजी एजेंट इस मुल्क को तबाही और बर्बादी के उस मकाम पर फिर ले गये कि दुनिया का कोई भी मुल्क जब चाहता है हमारे मुल्क में इंटरफियर करता है । दुनिया का कोई भी मुल्क जब चाहता है हिन्दुस्तान को एक नई चुनौती से दो-चार कर देता है ।

आज बंबई की सरजमीन पर जो बम ब्लास्ट हुआ, हम इसकी जितनी भी मेज्मम्त करें, कम है । हम इसकी जितनी भी निंदा करें, कम है । मगर मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अगर भारतीय हाथों के जरिए भारतीय बिल्डिंग्स गिर रही हैं, भारतीय हाथ के जरिए भारत का सर कलम हो रहा है, भारतीय हाथों के जरिए भारत की सभ्यता बर्बाद हो रही है, तो डूब मर जाना चाहिए हुकूमत के लोगों को और अपोजीशन के लोगों को भी कि हम कैसी हुकूमत चला रहे हैं, हम कैसी अपोजीशन पार्टी लेकर इस मुल्क में खड़े हुए हैं कि जो हिन्दुस्तान की तरफ से दुनिया को इस अमन-सकून का पैगाम दे सकते थे, इस दुनिया को जुल्मो-सितम से बचाने के लिए हिन्दुस्तान की तरफ से साम्राज्य के खिलाफ आवाज उठ सकते थे, मगर आज खुद हिन्दुस्तान दुनिया की तरफ देख रहा है । आज खुद हिन्दुस्तान को अपने को बचाने के लिए अमरीका से मदद मांग रहा है आज खुद हिन्दुस्तान अपने वजूद को बचाने के लिए दुनिया के सामने हाथ फैला रहा है । जिस मुल्क की परंपरा यह रही है कि जम्हूरियत और सैक्युलरिज्म की कदरों को बचाने के लिए दुनिया के जिन मुल्कों में जुल्मों-सितम होता था, उन मुल्कों से जुल्मो-सितम के खात्मे के लिए इंटरफियर करता था, अमन के लिए, शान्ति के लिए, आज अमन और शान्ति का कबूतर इस मुल्क से उड़ गया है । आज अमन और शांति की फाख्ता इस मुल्क से रूठ गई है ।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि ठीक है, हिन्दू के नाम पर सियासत कर लीजिए, मुसलमान के नाम पर सियासत कर लीजिए, मंदिर के नाम पर सियासत कर लीजिए, मस्जिद के नाम पर सियासत कर लीजिए । यह हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई जितने हैं, भारतवर्ष एक बिल्डिंग है और उस बिल्डिंग के अंदर यह सारे फ्लैटस हैं. कोई हिंदू के नाम से फ्लैट जाना जाता है, कोई मुसलमान के नाम से फ्लैट जाना जाता है, कोई सिख के नाम से फ्लैट जाना जाता है, कोई ईसाई के नाम से फ्लैट जाना जाता है । मगर बिल्डिंग एक है, जिसमें यह हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई के फ्लैट्स हैं ।

आज सब हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाई अपने-अपने फ्लैट को बचाने की बात कर रहे हैं, अपने-अपने फ्लैट की बात की जा रही है और भारत जिसका नाम है, जिस बिल्डिंग में सब के फ्लैट्स हैं, जिस बिल्डिंग के अंदर धर्म, कर्म परवान चढ़ रहे हैं, उस बिल्डिंग के नीचे हमारे दुश्मन ने टाईम बम रख दिया है । आप अगर उस टाईम बम को नहीं हटायेंगे, तो बिल्डिंग उड़ जाएगी । तय कीजिए कि बिल्डिंग के उड़ जाने के बाद आपका फ्लैट बाकी बचेगा या बिल्डिंग के बचने से आपका फ्लैट बाकी रहेगा । अगर आपको फ्लैट की लड़ाई लड़नी है तो इसका सीधा मतलब यह हुआ कि आप मुल्क को लड़ना देना चाहते हैं । दुनिया के सफे हस्ती से हिन्दुस्तान की आजादी को नेस्तो-नाबूद करना चाहते हैं, और याद रखिये, चाहे बी.जे.पी. के लोग हैं, चाहे कांग्रेस के लोग हों, एक-दूसरे के ऊपर जो इल्जामात की बौछार हो रही है, इन

इल्जामात की बुनियाद पर अगर देश टूट गया, तो आपका कभी भी हिंदुस्तान की तारीख माफ नहीं कर सकती, इसलिए कि हुकूमत में रह कर आपने जो इस कमी का इजहार किया है, उसके लिए आप भी मुजरिमों के कटघरे में खड़े किये जायेंगे और अपोजीशन में रह कर बी.जे.पी. के लोगों ने जिस तरह से इस मुल्क में गोरखधंधा फैलाया है, उसके लिए हिंदुस्तान की तारीख और हिन्दुस्तान का भविष्य और शानदार मुस्तकिल कभी इनको भी माफ नहीं कर सकता।

आप क्या सोचते हैं, जो कदम आप उठाते हैं, वह इतिहास बनता है, जो कदम आप उठाते हैं, वह तारीख बनती है, जो कदम आप उठाते हैं, वह एक हिस्ट्री बनती है। हिंदुस्तान को बर्बादी की हिस्ट्री आप देना चाहते हैं। हमारे पूर्वजों ने तो हमको आजादी की हिस्ट्री दी। हम क्या अपनी औलादों को बर्बादी और गुलामी की हिस्ट्री दें? याद रखियेगा मंदिर और मस्जिद तो टूटते-बनते रहते हैं। मस्जिद और मंदिर फिर बन जायेंगे, अगर दिल टूटा नहीं, अगर मन टूटा नहीं, अगर विश्वास टूटा नहीं। आपकी, बाबरी मस्जिद कहां बनेगी और मंदिर वहां बनेगा, इस झगड़े में पड़ करके जरा यह भी सोचिये कि दिल जो टूटे हैं, वह किस तरह से बनेंगे?

मेरी दृष्टि में उस ढांचे को गिरने से बचाया जा सकता था यदि केन्द्रीय सरकार जिस भाषण की चर्चा आज कर रही है जिस समय बराबर नारा दिया जा रहा था कि हम कार सेवा करने के लिए जा रहे हैं भजन कीर्तन करने के लिए नहीं बल्कि उस ढांचे को ध्वस्त करने के लिए, ढांचे को गिराने के लिए लेकिन जब 6 दिसम्बर को ढांचा ध्वस्त हो गया तो प्रधानमंत्री जी ने विधवा प्रलाप किया और उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने मुझे धोखा दिया, भारत सरकार को धोखा दिया, केन्द्रीय सरकार को धोखा दिया और इस देश की जनता को धोखा दिया । मैं इस ओर भी ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस सरकार में साम्प्रदायिक शक्तियों से निपटने की इच्छा शक्ति की कमी है । क्योंकि बाबरी मस्जिद के सिलसिले में जब-जब घटनाएं घटी हैं तब-तक दिल्ली या उत्तर प्रदेश में 6 दिसम्बर की घटना को छोड़ कर के बराबर कांग्रेस की सरकार रही है । 22/23 दिसम्बर, 1949 को वहां पर राम लला की मूर्ति की स्थापना की गई । उस दिन भी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी । दिल्ली में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी । मजीस्ट्रेट ने उसी दिन आदेश दिया कि वहां पर ताला लगा दिया जाए । ताला कब खोला गया ? एक फरवरी, 1986 को जब फैजाबाद के डिस्ट्रिक्ट मजीस्ट्रेट ने आदेश दिया कि ताला खोल दिया जाए । ठीक उसके आध-पौन घंटे के अन्दर जिस ढांचे को 1949 में ताला लगाया गया था उस ढांचे का ताला खुल गया था । कोई कार्यवाही नहीं की गई, तत्कालीन सरकार की ओर से उस आदेश के विरुद्ध उसी डिस्ट्रिक्ट जज के यहां दरखास्त दे देते कि हम आपके आर्डर के खिलाफ अपील करने जा रहे हैं । इसमें इतना समय लगता जितना समय फैजाबाद से अयोध्या आने में लगता है । मुश्किल से आध घंटा लगता । इसके बाद 1989 में जब वहां पर शिलान्यास किया गया उस दिन भी उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार थी, दिल्ली में भी कांग्रेस पार्टी की सरकार थी । 1991 में जब लोक सभा के चुनाव घोषित हुए तो तत्कालीन कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष श्री राजीव गांधी ने कांग्रेस पार्टी का चुनाव अभियान अयोध्या में जा कर के शुरू किया और कहा कि राम राज्य की कल्पना को साकार करने के लिए कांग्रेस पार्टी चुनाव के मैदान में आ रही है । ऐसा नहीं है कि राम के नाम का इस्तेमाल केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है, वोटों के लिए देश की राजनीति के लिए राम के नाम का इस्तेमाल कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने भी अपने चुनाव अभियान को प्रारम्भ करते समय किया। इसलिए मेरा यह आरोप है कि कांग्रेस पार्टी

की सरकार यदि समय रहते चेती होती तो 6 दिसम्बर की घटना नहीं घटी होती । 6 दिसम्बर के बाद जिस प्रकार से इस देश के विभिन्न भागों में हजारों लोगों का कत्लेआम हुआ, करोड़ों की सम्पत्ति की हानि हुई और हजारों लोग घायल हो कर अस्पतालों और घरों में पड़े हुए हैं, इनको बचाया जा सकता था । यह जो विधेयक आप लाए हैं इस विधेयक को आप वापिस ले लीजिये और विचार-विमर्श कर के एक व्यापक विधेयक आप भविष्य में लाइये । इसविधेयक में आपने जो प्रावधान किया है, इस में क्लाज 7, सब-क्लाज (1) में जो आपने कहा है, उससे लगता है कि भारत सरकार का दिमाग साफ नहीं है—

> "Notwithstanding anything contained in any contract or instrument ot order of any court, tribunal or othei authority to the contrary, on and from the commencement of this Act, the property vested in the Central Government under section 3 shall be managed by the Central Government or by a person or body of persons or I trustees of any trust authorised by that Government in this behalf.

इसका मतलब यह हुआ कि आज की तारीख तक भारत सरकार का दिमाग साफ नहीं है कि जिस भूमि का अधिग्रहण आप करने जा रहे हैं उस का मैनेजमेंट का इंतजाम भारत सरकार के पास रहेगा या इसके निमित्त प्राधिकृत किसी व्यक्ति या व्यक्ति निकाय या किसी न्यास के न्यासियों द्वारा किया जाएगा। मेरा आपसे अनुरोध यह है कि चूंकि हमारा धर्म-निरपेक्ष राज्य है और अनेक सदस्यों ने इस संबंध में चर्चा की है कि धर्म किसी भी व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला है । राज्य का कोई धर्म नहीं होता है । इसलिए अयोध्या में—जो आपने अपने उद्देश्य और कारणों में बतलाया है कि वहां पर मंदिर का निर्माण करने के लिए, मस्जिद का निर्माण करने के लिए, पुस्तकालय की स्थापना करने के लिए या संग्रहालय की स्थापना करने के लिए और यात्रियों के संबंध में समुचित व्यवस्था स्थापित करने के लिए आप यह विधेयक ला रहे हैं और इसलिए भूमि का अर्जन कर रहे हैं । मैं याद दिलाना चाहता हूं कि सोमनाथ मंदिर के संबंध में सरदार पटेल ने वहां पर 23 नवम्बर 1947 को घोषणा की थी । वे उस समय इस देश के गृह मंत्री भी थे और उप-प्रधान मंत्री भी थे । उन्होंने वहां पर जाकर घोषणा की कि भारत सरकार ने यह फैसला लिया है कि सोमनाथ मन्दिर का जीर्णोद्धार करेंगे, वहां पर उसका पुनःनिर्माण करेंगे । यह सरदार पटेल ने भारत के उप-प्रधान मंत्री और गृह मंत्री की हैसियत से घोषणा की और उस समय उनके साथ तत्कालीन केन्द्र के जो निर्माण मंत्री श्री काका साहब गाडगिल थे वे भी उपस्थित थे, श्री के. एम. मुंशी भी उपस्थित थे । उसके बाद गांधी जी के पास ये लोग गये तो गांधी जी ने कहा कि चूंकि हमारा धर्म-निरपेक्ष राज्य है, हमारा देश धर्म-निरपेक्ष है इसलिए मंदिर के पुनःनिर्माण के कार्य में भारत सरकार का कोई भी हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए । भारत सरकार को इस संबंध में एक भी पैसा खर्च नहीं करना चाहिए । तब उसके लिए सरदार पटेल ने अपनी राय को बदला और यह तय किया कि अच्छा ठीक है भारत सरकार इस मामले में कोई भी हस्तक्षेप नहीं करेगी । इसलिए मेरा निवेदन यह है कि आप जो भूमि अर्जित करने जा रहे हैं इसमें आप स्पष्ट करिये कि आखिर इस निर्माण कार्य को कौन करेगा। वहां पर मंदिर बनाने के कार्य को कौन करेगा, वहां पर मस्जिद बनाने के काम को कौन करेगा, वहां पर संग्रहालय, पुस्तकालय या अन्य इस प्रकार की चीजों को स्थापित करने का काम कौन करेगा, क्योंकि आपके विधेयक से अभी तक यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं हुआ है । ट्रस्ट यदि बनेगा तो किस प्रकार का ट्रस्ट होगा । कौन लोग उस ट्रस्ट के मेम्बर बनेंगे । आपने इस बात की व्यवस्था तो कर दी है कि यदि ट्रस्ट नहीं बनता है तो किसी भी एक व्यक्ति को आप प्राधिकृत या अधिकृत कर सकते हैं कि वहां पर मंदिर और मस्जिद बनाये ।

दूसरा मेरा प्रश्न यह है कि आखिर यह मन्दिर और मस्जिद किस स्थान पर बनाएंगे। आपने मामला सर्वोच्च न्यायालय में भेज रखा है । जो मामला रेफरेंस में भेज रखा है उसमें आपने सर्वोच्च न्यायालय को कह रखा

है । 7 जनवरी, 1993 को सर्वोच्च न्यायालय में मामला भेजा गया है । उस प्रश्न में पूछा गया है कि :

> "...whether a Hindu temple or any Hindu religious structure existed prior to the construction of Ram Janma Bhumi-Babri Masjid including the premises of the inner and outer courtyards of such structure in the area in which the structure stood."'

आप आश्वासन तो दे रहे हैं इस सिलसिले में कि सर्वोच्च न्यायालय जो कुछ भी अपनी राय देगा उसको हम मानेंगे । लेकिन संविधान में जो यह व्यवस्था है उस व्यवस्था के हिसाब से संविधान के अनुच्छेद 143 उपधारा (1) के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय जो कुछ भी राय देगा वह भारत सरकार के ऊपर या अन्य जो पक्ष हैं उनके ऊपर निश्चित रूप से किसी भी तरह से बाध्यकारी नहीं है । इसलिए मेरी मांग यह है कि संविधान के अनुच्छेद 138 उपधारा (2) के अंदर इस मामले को सुप्रीम कोर्ट के पास भेजना चाहिए । यह सही है कि इस अनुच्छेद में इस बात की भी व्यवस्था है कि इस सिलसिले में जो उत्तर प्रदेश की सरकार है उसकी स्वीकृति आवश्यक है । जो उत्तर प्रदेश में आज राष्ट्रपति का शासन है। वहां पर राष्ट्रपति के प्रतिनिधि हैं इसलिए आप उनकी स्वीकृति लीजिए और इस मामले को संविधान के अनुच्छेद 138 उपधारा (2) के अंतर्गत आप सुप्रीम कोर्ट में भेजने की व्यवस्था करिये ।

दूसरा, मेरा भारतीय जनता पार्टी वालों से उनुरोध है । वे बराबर इस बात को कहते हैं कि इस मामले में किसी भी न्यायालय के आदेश को नहीं चलने देंगे । चूंकि हमारे लिए यह आस्था का विषय है और आस्था के विषय में किसी भी अदालत का हुक्म नहीं चलेगा । इसलिए मैं यह जानना चाहता हूं कि इस संविधान के अनुच्छेद में या किस कानून में इस बात की व्याख्या की गयी है कि यदि धार्मिक संबंधों में कोई मामला सर्वोच्च न्यायालय में या किसी भी न्यायालय में जाए और कोई आदेश वह देता है तो उस आदेश की बाध्यकारिता किसी पक्ष पर नहीं होगी ? यह विषय आस्था का हो सकता है लेकिन यह मामला न्यायालय में गया है, हमारे देश में न्यायपालिका है, न्यायालय है अतः जो न्यायालय का आदेश है उसको हमको मानना पड़ेगा और इस सिलसिले में जो भारतीय जनता पार्टी का रवैया है वह मेरी दृष्टि से उचित नहीं है । तीसरे, भारतीय जनता पार्टी राम का इस्तेमाल वोट की राजनीति के लिए कर रही है । लोकतंत्र में कोई खराबी भी नहीं है, कोई भी पार्टी इस बात की आशा कर सकती है कि हम प्रदेश और दिल्ली में जाकर केन्द्रीय सरकार में बैठें, लेकिन जिस तरीके से इस देश में इस विषय को लेकर सांप्रदायिक उन्माद बढ़ा हुआ है, सांप्रदायिक तनाव और सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं, उससे भारतीय जनता पार्टी को पुनः अपने निर्णय पर विचार करना चाहिए, क्योंकि हो सकता है कि दिल्ली में यह आ जायें । हो सकता है कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र में सरकार बन जाए । लेकिन मैं आगाह करना चाहता हूं कि यदि भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली में सरकार आ जाएगी, भले ही सरकार में वे आ जायें, लेकिन शासन करने के लिए, सरकार चलाने के लिए उस दिन यह देश नहीं बचेगा ।

इसलिए भारतीय जनता पार्टी को अपनी नीति को बदलना पड़ेगा और इस रवैये को बदलना पड़ेगा कि ऊपर से राम और बगल में छुरी । राम का नाम लेकर जो इस देश का धर्म-निरपेक्ष चरित्र है, उसको आप खत्म मत करिए ।

इन्हीं शब्दों के साथ यह जो वर्तमान विधेयक है, इसका मैं विरोध इस आशा और विश्वास के साथ करता हूं कि अभी जब हमारा संशोधन आएगा, तो उस वक्त मैं फिर अपनी राय दूंगा और सुकोमल सेन जी अपना संशोधन रखने जा रहे हैं इसके ऊपर उस पर सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए ।

श्री शिव प्रताप मिश्र (उत्तर प्रदेश) माननीय उपसभाध्यक्ष जी, अयोध्या में कतिपय क्षेत्र अर्जन विधेयक 1993 का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं ।

आपने इसके लिए जो मुझे समय दिया, इसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं । यह मुद्दा,

यह विषय आजादी के पहले से था और जो आजादी के बाद भी कुछ उभरा था, लेकिन हमारे देश में ऐसी खासियत, ऐसा व्यक्तित्व जैसे पं. जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद ऐसे बाबरी मस्जिद के ढांचे को जरा सी भी क्षति न पहुंचे, उसी वस्तुस्थिति में रखा । तो यद्यपि उसमें नमाज नहीं होती थी, यद्यपि वहां पर कोई विवाद से वह वंचित भी नहीं था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, जो अभी छह दिसम्बर को हुआ ।

तो 6 दिसम्बर से जो मानसिकता राष्ट्र की उस बाबरी मस्जिद के ढांचे से जुड़ी हुई थी, वह पहले तो मालूम नहीं हुई, लेकिन जब वह क्षतिग्रस्त हो गया, वह नेस्तो-नाबूद हो गया, तब इसकी प्रतिक्रिया हमारे देश में ही नहीं, पड़ौसी देश में ही नहीं, बल्कि दुनिया के तमाम देशों में हुई जिससे उस ढांचे के क्षति-ग्रस्त होने से कितनी इबादत की मस्जिदें टूट गई, कितने पूजा के स्थल ध्वस्त हो गये, कितने गुरुद्वारे नष्ट कर दिये गये, कितने चर्च भ्रष्ट कर दिये गये और उसके साथ-साथ इन इमारतों के कितने दिलों की जो एकता थी, उसमें भी एक विषमता, कटुता आ गई और वह टूट गया । अभी थोड़ी देर पहले हमारे अग्रज पं. विष्णु कान्त शास्त्री जो वहां बैठे हैं, उनका मैं बड़ा सम्मान करता हूं, लेकिन उन्होंने कहा कि यह मसला बहुत पुराना था, लेकिन इसके क्षतिग्रस्त होने से, इसके नष्ट होने से, उस मसले का समाधान अब ढूंढा जाए ।

तो मैं यह कहना चाहता हूं कि धर्म के नाम पर अगर कोई रोग हो जैसे शरीर में, तो उस रोग का निदान करना चाहिए या उस शरीर को ही नष्ट कर देना चाहिए । अगर यह विवाद हिन्दू-मुसलिम मसले का इस देश में उठा हुआ है और जैसे उठा था, अगर उसका निदान न करके देश को ही तोड़ दिया जाए, तो यह कहां की धार्मिक स्थिति होगी । जैसे उन्होंने कहा मैं सोचता हूं और इससे मुझे बड़ा दुख हुआ, क्योंकि धर्म के नाम पर जितनी भी वहां प्रतिक्रिया हुई, राम के नाम पर जितनी वहां पर प्रतिक्रिया हुई, मैं बताना चाहता हूं कि राम का स्वयं—

दैहिक, दैविक, भौतिक तापा,
राम राज काहू नहीं व्यापा ।

राम के राज्य का आदर्श था, जिसमें किसी को शारीरिक, दैविक और भौतिक किसी प्रकार का कष्ट नहीं था । यह राम का आदर्श था। उस राम राज्य की कल्पना राष्ट्रपिता गांधी ने की थी और जो मृत्यु के समय "हे राम" शब्द महात्मा गांधी से निकला हुआ था..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) in the Chair]

श्री शिव प्रताप मिश्र : और मैंने पढ़ा था "नवनीत" पुस्तक जिसमें गुरु गोलवलकर साहब जिनका मैं बड़ा सम्मान करता हूं उन्होंने राम को एक महापुरुष कहा है, लेकिन गांधी ने राम का जप किया है कि,

"कोटि-कोटि मुनि जतन कराहीं ।
अंत राम कहि आवत नांहीं ।।

यह भी रामायण से उदधृत कर रहा हूं । लेकिन राष्ट्रपिता गांधी जब अपने प्राण छोड़ रहे थे तो या तो राष्ट्रपिता का संदर्भ शास्त्रों में मिलता है कि हे राम कह कर उन्होंने शरीर को छोड़ा था और या राजा दशरथ ने हे राम कह कर शरीर छोड़ा था, क्योंकि वे राम की महत्ता और तत्व को जानते थे । राम वह तत्व है जिनकी तुलना ब्रह्म से की गई है । राम वह तत्व है जिनकी तुलना सत्य से की गई है, राम वह तत्व है जिनकी तुलना वैदिक हिरण्यागर्भ से की गई है, जिससे समस्त संसार और समस्त सृष्टि की उत्पत्ति हुई है । गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है :

"आदित्यानामहं विष्णुः" और "राम शस्त्र-भृतामहम्"

उन्होंने कहा कि बारह आदित्य पुत्रों में मैं महाविष्णु हूं और शस्त्रधारियों में राम हूं ।

यहां यह सिद्ध होता है. अभी हमारे कुछ साथी कह रहे थे कि नारायण स्वामी आप ही का अवतार था एक । तो मैं बताना चाहता हूं कि विष्णु, राम और ब्रह्म ये सब की हमारे शास्त्रों में एकता का वर्णन किया गया है और भी मैं देख रहा हूं कि जो इस्लाम धर्म है उसमें भी एक ईश्वरवाद है और हमारे यहां भी एक ईश्वरवाद था

महत् देवानाम सूरत्वमेकम्

[श्री शिव प्रताप सिंह]

बहुत से देवत्व का वर्णन किया गया है, लेकिन उसका देवत्व एक है, सत्य एक है । तो

"हिरण्यगर्भः समवर्तत्रि भूतस्य जातः
पतिरेक आसीत् ।

जो समस्त श्रेष्ठ सृष्टि का सृजन हुआ है, वह सब के आग में हिरण्यगर्भः था और उसी से समस्त सृष्टि का इस समय हमारे सामने प्रकट हुई है । तो इसका जैसे अभी कुरान में कहा कहा गया है, "कुलहुवल्लाह हो अहद" कि अल्लाह एक है । उसी तरह से हमारे गीता में भी कहा गया कि,

"बहूना जन्मनामन्ते ज्ञानवान्मां प्रपद्यते
वासुदेवः सर्वमिति समहात्मा सुदुर्लभः।

यह बड़े जन्मों के बाद, बहुत साधना के बाद, बहुत जीवन की मानसिकता की स्थिति के उन्नत होने के बाद, जो यह जानता है कि एक ही सत्य है, एक ही वसुदेव है और उसी में समस्त सृष्टि समाहित है, वह धन है और बहुत मुश्किल से मिलता है । अब वही चीज अभी किसी धर्म में आक्षेप न करने के लिए, मैं कुरान में भी देखता हूं, जैसे वहां कहा गया है कि "ला इकराहा फिद्दीन" कुरान में लिखा हुआ है कि किसी भी धर्म में हस्तक्षेप करना या किसी पड़ोसी को पीड़ा देना, यह इस्लाम के विरुद्ध है तो उसी तरह से हमारे धर्म में भी कहा हुआ है कि.

जासू राज प्रिय प्रजा दुखारी ।
सो नृप अवसि नरक अधिकारी ।।

तो इसमें यह है कि दूसरे को पीड़ा देने से बड़ा न अधर्म है और दूसरे का हित करने से न बड़ा धर्म है । हमारे यहां भी पुराण और कुरान दोनों में अधर्म वह है जिससे किसी को पीड़ा हो और धर्म वह है जिसमें सब को सुख मिले ।

"सर्वे जनाः सुखिनो भवन्तु.....

यह उपनिषदों में भी कहा गया है । तो इसी तरह से हमारे पुराण में भी कहा गया है। रन्तिदेव ने कहा है कि,

"नाहहंकामये राज्यं न स्वर्गं न पुनर्भवम् ।
कामये दुख तप्तानाम् प्राणिनामार्ति नाशनम् ।।

न मैं स्वर्ग चाहता हूं, न मैं आपको चाहता हूं लेकिन समस्त दुखी प्राणियों को दुख से उनका त्राण हो, यह चाहता हूं, यही मेरा धर्म है ।

हमारे पुराणों में भी कहा गया है कि,

"अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम् ।
परोपकाराय पुण्याय पापाय परपीड़नम् ।।

जो हमारे पुराणों का सार है, जो हमारे धर्म शास्त्रों का सार है । हर जगह पर हित का और दूसरे का उपकार करने का, सौहार्द का, सहअस्तित्व का, साथ रहने का यह उद्देश्य दिया गया है । यह नहीं दिया गया है कि किसी के धर्म में हस्तक्षेप किया जाए या किसी का पूजा-स्थल तोड़ा जाए । यद्यपि हमारे यहां तो अपना धर्म के लिए, सत्य के लिए, जब देखा गया कि धर्म मार्ग में आता है किसी युद्ध के, तो अंत में श्रीकृष्ण ने गीता में कहा : सारे धर्मों को छोड़कर तुम मेरी शरण में रहो, मैं तुम्हें सब पापों से मुक्त कर दूंगा ।

तो जिस धर्म से मानवता को कष्ट हो, जिस धर्म से राष्ट्र का विभाजन हो, जिस धर्म से राष्ट्र क्षतिग्रस्त हो, वह धर्म नहीं है और न उस धर्म की कल्पना की गयी है यह कल्पना न हमारे यहां की गयी है और न ही कुरान में की गयी है । इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए जो वहां जमीन अधिग्रहीत की गयी है और यह निश्चय किया गया है कि उसके लिए ऐसे न्यास बनाए जाएं जिसमें कि किसी राजनीतिक दल का हाथ न हो, जिसमें किसी व्यक्ति विशेष का हाथ न हो, जिसमें राष्ट्र की जनता का हाथ हो, जिसमें सब धर्मों का समावेश हो जिससे कि इसका निराकरण हो सके, इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं । धन्यवाद ।

SHRI S. AUSTIN (Tamil Nadu") : I rise to register my views on the Ayodhya Bill brought in by the Centre after prolonged bungling on the Ayodhya issue. The Bil stnnds testimony to the monumental blunder committed by the Centre, which led to the destruction of the disputed structure at Ayodhya. The Congress Government will not be forgiven. even by the posterity for pursuing the policy of indifference with unspeakable <-">[11r]msness.

Here, T shall fail in my duty if I do not recall the words of our hon. Chief M'n<ster in the N.T.C. meeting held on 23rd November, 1992. Ac a true national leader rising above political considerations, our Chief Minister cautioned the Centre that any further inactivity on the part of the Un'on Government would be disastrous for the nation. But people with vested interests have been spreading canards of various nature attributing motives to our Chief Minister. So, to brush up their memory I quote a few line* from the text of the speech of our Chief Minister. She said :

> "My considered view is that we should leave the question of Masjid as it is. We need not open a Pandora's box and try to find out whether a temple existed in its place prior to 1528 A.D., but among the masses the desire to bui'd a temple at Ayodhya rep-esents the aspirations of the majority of the people in this country. We must take note of public opinion."

She further said :

> "Babri Masjid should not be des troyed, but, at the nme time the Ram Temnle shonl.-i be built there."

v

This has been our party leader's clear-' cut stand on this issue right from the[5] beginning.

As the Centre had not taken our leader's views seriously, the country witnessed the wcs' communal clashes after the indepen-dene. More than one thousand lives have been lost throughout the country, except in Tamil Nadu., where not a single incident took place. Our Government evea sent its Armed Forces to Karnataka to maintain law and order there,

I fail to understand what was the problem for the Centre in building a temple on the vacant site leaving the Babri Masjid undisturbed. Now, the Government says that the Government is all for building a temple and a Mosque on and around the site, where the disputed structure stood. I ask the Government why it could not allow the people to build a temple on a vacant site without any damage to the Babri Masjid. You touch yorrr conscience and say the Government did not play a diabolical political game for political gain. I ask the Home Minister what happened to his promise of protecting the Babri Masjid at a'l costs. The Home Minister had repeatedly assured the Parliament that para-military forces had been kept ready at a reasonable distance from the disputed structure so that they could reach to protect the Masjid with, in eight minutes. But what happened o« 6th December is a black spot in the independent history of India. When a State Government is accused of not being able to maintain law and order, you were too quick in invoking article 356 to dismiss it because it happened to be a non-. Congress Government. In Ayodhya, you bungled, failed miserably to protect the Constitution.

I wish to refer to the oft repeated remarks of the Government and the Prime Minister that they will abide by the verdict of the Supreme Court. We have no reason to believe the words of the Government or the Prime Minister because in the Cauvery water dispute, the verdict of the Supreme Court has been put into cold storage. Our hon. Chief Minister has been demanding that the Government of India should warn the Karnataka Government either to obey the verdict of the judiciary or face the consequences thereof. But the Centre did nothing. It did not even caution the Karnataka Government. Then, who will believe the Government of India's words? Even now they are not clear in their mind. On the one hand they ask the opinion of the Supreme Court as to whether a temple existed before 1528 AD; on the other

[Shri S. Austin]

hand, they talk of rebuilding the Mosque on the same site where the Babri masjid stood. Now, I ask them a simple question. If the court says that a temple existed before 1528 AD, what will they do ? 1 want a specific answer to this question. When you commit something as a Government, you have to see the ramifications involved. Though we have nothing ugainst this Bill, we fail to understand what is in the mind of the Government. The Government of India's sincerity itself is in suspect.

Therefore, as our party and our leader are fully committed to secularism, we ■woma be too happy iff tins Bm brings peace and communal harmony in Ayodhya and thereby throughout the country. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mr. John F. Fernandes, you are given only four minutes.

SHRI JOHN F. FERNANDES : Okay. Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you very much for permitting me to speak on the Acquisition of Certain Area at Ayodhya Bill, 1993. I rise to support this Bill to replace the Ordinance which was promulgated by the President of India on the 7th January, 1993. At the same time, the President was kind enough to refer this matter, on the same day, under article 143, sub-section (1) to the Supreme Court for their consideration and opinion. In a secular country like ours, it is very awkward for us to support this Bill. 1 support this Bill because it is a specific and an extraordinary Bill. For the first time, the Government of India have sought to acquire land for religious purposes. It does not fit into the secular framework of our Constitution. We know what the purpose of this Bill is.

The hon. Minister has mentioned *m* the Statement of Objects and Reasons that this Ordinance has been promulgated to maintain public order and harmony between different communities in the country. The incident of the 6th December, 1992 has not only affected our country but has shaken the whole world because all the nations of th» world looked towards India for spiritual support. It was our country which gave birth to religion. This religion was carried and spread throughout the v/orld to different countries of the world. So I feel the purpose should be not only to have communal harmony in the country but to instil confidence in the international community that India is one and stands by secularism.

Sir, the hon. Minister has mentioned in his remarks that all the acquired land except the land on which the disputed structure stood will be transferred to the two trusts which will be formed by the Government. But the Minister has not rdentioned as to when these trusts will "be formed. I presume the Minister is waiting for the opinion of the Supreme Court on this matter which was referred to it by the President. I think, it would have been better for the President to give a timeframe to the Supreme Court because we cannot prolong this problem. We cannot put this problem in cold storage. So, it would have been appropriate if the President of India had directed the Court to give its opinion within a time-frame.

As I mentioned earlier, it is very strange for a secular country to acquire land for religious purposes. I would like to know from the hon. Minister whether he will accept my suggestion that the money for the acquisition of this land should be raised by the two Trusts which are likely to be formed by the Government, through public contribution and this money should be transferred to the Government. The property will, no doubt, vest with the Government. But it will be transferred for specific purposes to these Trusts. I feel that it will be appropriate if not a' pie is spent on this acquired land from the Government coffers, from the Government treasury, because I feel that we will set a wrong precedent and that will also be a blot on the secular structure of our Constitution. I hope the hon. Minister will react to the suggestions I have given.

While speaking in this House on 3rd December, before the demolition of The structure, I made a request to the hon.

Home Minister. He made a slatemenl that the Mosque was built in 152S. It is an ancient Mosque. You may call it a Mosque or you may call it a Temple. It was an ancient structure and it belonged to Indian heritage and Indian culture. I had requested the Minister to see that it was acquired and maintained by the Archaeological Survey of India. But there was no response, to it. And, we knew that the structure was sought to be demolished by fundamentalist, communal, forces for political gain. There were pronouncements by the leaders of those communal parties. One of the leaders of such a party had mentioned that they would not break the structure but would remove the structure. What did they mean by that ? I do not think that they were only playing with words. The Government had information that the structure was under danger. Anyway, better late than never. The hon. Prime Minister has assured the nation and the world that the Mosque will be rebuilt. I hope the Government will take steps *to* see that this area, the disputed area on which the structure stood, is preserved for the rebuilding of the Mosque. I think the hon. Home Minister will give us that assurance.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Kindly conclude. There are two more speakers from the Congress side.

SHRI IOHN F. FERNANDES : As you are insisting upon the time-limit, I am shortening my speech, Sir.

I hope the Government will consider my suggestions. With these few words, I fully support this Bill. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRT V. NARAYANASAMY) : Shri Gaya Singh. Your party's time is also six minutes.

श्री गया सिंह (बिहार) : माननीय उप-सभाध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं यह बताना चाहता हूं कि मैं इस बिल का समर्थन नहीं करता हूं और हम समझते हैं कि जो अयोध्या की घटनाएं हुई उसके लिए यह जो बिल आया है वह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि इसमें सरकार की मंशा साफ नहीं है और समस्या जितनी गंभीर है उससे इसका समाधान नहीं हो सकता, इसलिए इसको खारिज लेना चाहिए । हम यह बताना चाहते हैं कि जो अयोध्या में हुआ और उसके बाद देश भर में दंगे हुए, साम्प्रदायिक उन्माद फैला, इसके लिए भारतीय जनता पार्टी तो सौ प्रतिशत जिम्मेदार है लेकिन कांग्रेस पार्टी भी कम जिम्मेदार नहीं है । मैं कुछ उदाहरण देना चाहता हूं । जब-जब इस तरह की बातें देश में हुई सत्ताधारी पार्टी की ओर से ही इसकी शुरुआत हुई । 1984 में श्रीमती इंदिरा गांधी जी की शहादत के बाद इस मुल्क ने यह महसूस किया कि पंजाब की जो घटनाएं हो रही थीं और उसमें जो पुरानी जनसंघ और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी की जो हरकत थी और जिसके चलते हिन्दू और सिखों में फूट हुई और यह घटना हुई, हिंदुस्तान की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सिर्फ दो सीट जीतने दी । अटल बिहारी वाजपेयी जी को भी इलेक्शन काउंटिंग के पहले हार मानना पड़ा । लेकिन कुछ ही दिन बाद जब शाहबानो का केस आया तो कांग्रेस पार्टी वोट के लालच में घबरा गई और उसके सामने सरेंडर किया ।

6 पी.एम.

उसके सामने सरेंडर कर दिया । हिन्दुस्तान के मुसलमानों के अंदर जो रिएक्शनरी ताकत थी, जो रूढ़िवादी लोग थे, उनके सामने जब यह कांग्रेस पार्टी झुक गई तो उसका लाभ भारतीय जनता पार्टी ने उठाया और आपने वहां अयोध्या में मंदिर का ताला खोल दिया । [illegible] । जब 1989 में चुनाव चल रहा था और शिलान्यास का सवाल आया, एक सप्ताह पहले आपने उसको रोक दिया । दूसरे दिन उसको चालू कर दिया । आप कभी खिलाफ उस तरह के तत्वों के सामने झुक जाते हैं और कभी मुसलमानों के अंदर जो रिएक्शनरी तत्व हैं, उनके सामने झुक जाते हैं और उसका नतीजा यह हुआ कि आप तो गए ही और जो 188 सीट बी.जे.पी. को आई, उसके लिए भी कांग्रेस पार्टी ही जिम्मेदार है ।

उसके बाद इस देश में सामाजिक न्याय के लिए जब वी. पी. सिंह की सरकार ने हिम्मत

[श्री गया सिंह (बिहार)]

के साथ मंडल कमीशन को लागू करने की कोशिश की तो आप भी घबरा गए और बी.जे.पी. भी घबरा गई और दोनों ने मिलकर उस सरकार को तोड़ने की साजिश की। रथ-यात्रा निकाली गई लेकिन हिम्मत किसने की उसको रोकने की ? हिम्मत की लालू यादव ने। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को पकड़कर जेल में डाल दिया। बिहार में कोई कम्युनल झंझट नहीं हुआ। शांति हो गई। उसके बाद मुलायम सिंह यादव ने उसकी रक्षा की, अपनी सरकार का रिस्क लेकर और उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का विरोध किया तो बी.जे.पी. ने समर्थन वापस लिया। तो कांग्रेस पार्टी खुश हो रही थी कि एक ये सरकार गई लेकिन वी.पी. सिंह की सरकार ने हिम्मत की और अपनी सरकार के अस्तित्व की परवाह नहीं की। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा था कि आप अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वोट दीजिए। कांग्रेस पार्टी अगर समझती, थोड़ी सी भी जवाहर लाल नेहरू या गांधी जी की याद होती तो उस समय बी.जे.पी. की साजिश में कांग्रेस पार्टी जनता दल को नहीं तोड़ती। तोड़ दिया और उसके बाद अपनी सरकार बनाई और क्या नतीजा हुआ, नतीजा आपके सामने है।

मैं यह कहना चाहता हूं कि 6 दिसम्बर की घटना को आप रोक सकते थे। आपने दिल्ली में 25 फरवरी 1993 को बी.जे.पी. के प्रदर्शन को रोक दिया। पंडित मदनी मनोहर जोशी और इन सब लोगों को उम्मीद थी कि लाखों-लाख लोग पहुंच जाएंगे। इसीलिए आपने रैली को बैन कर दिया। इस पर इन्होंने चैलेंज किया कि हम रैली करेंगे लेकिन आपकी इच्छा शक्ति थी कि रैली नहीं होने देंगे। इन्होंने सोचा कि करोड़ों हिन्दू चले आएंगे, दिल्ली नहीं आएंगे तो हरियाणा पंजाब तो आएंगे लेकिन नहीं आए। आपने रोक दिया। यह जो इच्छा शक्ति आपने 25 तारीख को दिखाई, अगर यह 6 दिसम्बर को दिखाई होती तो जो विवादग्रस्त संरचना थी, उसको ये तोड़ नहीं सकते थे। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि तथाकथित संघ परिवार के, बी.जे.पी. के लोग कह रहे हैं कि हम ऐसा नहीं चाहते थे फिर भी इन्होंने लाखों लोगों को वहां जुटाया और इसके पीछे इस देश के सरमायेदार हैं, विदेशी ताकतें हैं।

आज इस देश में बैंक स्कैम चल रहा है। लोग कहते हैं कि कार-सेवक बिहार से बहुत कम आए थे, उत्तर प्रदेश से भी कम थे, वहां से ज्यादा आए ? बंबई से ज्यादा आए क्योंकि बैंक का स्कैम चल रहा है। करोड़ों-करोड़ रुपया उसमें खर्च किया गया। आज देश के अंदर बेकारी का सवाल है। आज देश के अंदर महंगाई का सवाल है। न्यू इंडस्ट्रियल पालिसी के खिलाफ 25 नवम्बर, 92 को वोट क्लब पर 10 लाख देश के मजदूरों ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस की हुकूमत और भारतीय जनता पार्टी के सरमायेदारों की शह में, उनकी साजिश से, विदेशी साजिश से, इस देश के अंदर इस तरह की घटना करके पूरे देश में अरबों रुपए का घोटाला किया गया।

महोदय, मैं आपके माध्यम से, इस हाउस के माध्यम से देश की जनता के सामने यह बात रखना चाहता हूं कि आज जो यह बिल लाया गया है, ये 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से सलाह तो क्या लेना चाहते हैं, विवाद को और बढ़ाना चाहते हैं। माननीय श्रीकांत जी ने ठीक ही कहा कि जो आप बिल लाए हैं, उनकी सरकार पहले लाना चाहती थी, उस समय आप उससे सहमत नहीं थे। इसलिए वह खुश हैं कि अच्छा हुआ, यह बिल आ जाए, कानून बन जाए, सुप्रीम कोर्ट की सलाह मानने के लिए किसी पर बाध्यता नहीं होगी। फिर वह मैदान में आ जाएंगे और यह लड़ाई चलती रहेगी। इसलिए इस विवाद को अगर आप हल करना चाहते हैं तो हमारी राय है कि आप इसको 138(2) के माध्यम से दीजिए कि जो भी फैसला होगा सुप्रीम कोर्ट का, वह सबको मानना होगा और इसमें यह चीज आप नहीं लाए हैं इसलिए हम इसका समर्थन नहीं करते हैं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Mrs. Satya B?hin. You have four minutes. *(Interruptions)*... Madam, you can speak now. Kindly don't interrupt.

श्रीमती सत्या बहिन : माननीय, मैं सरकार द्वारा लाए गए अयोध्या में कतिपय क्षेत्र अर्जन विधेयक, 1993 का समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं।

महोदय, मैं भारतीय जनता पार्टी की जो सांप्रदायिक राजनीति है, जो वोट बैंक बढ़ाने की राजनीति है वह अत्यंत दूषित और एक घृणित राजनीति है । मंदिर मुद्दे को जो उन्होंने उठाया था वह इतना विकृत कर दिया कि देश टूटने तक की नौबत आ गई । मैं सरकार को बधाई देना चाहती हूं कि इस बिल के लाने से सरकार ने अपनी इच्छा शक्ति दिखाई है ताकि इस मुद्दे को हमेशा के लिए हल किया जा सके ।

महोदय, मैं कहना चाहती हूं कि भारतीय जनता पार्टी का जो लक्ष्य है जो इरादे हैं वह बहुत ही खतरनाक है । भारतीय जनता पार्टी हिन्दू धर्म की ठेकेदार है ? मैं तो कहूंगी कि वह धर्म की पथभ्रष्ट ठेकेदार है । इनकी हालत क्या है, इनका स्वरूप क्या है यह मैं बताना चाहती हूं । इनके मुंह में राम है, बगल में नाथूराम है, हाथ में छूरी है और मन में कुर्सी है । हम कुर्सी का लक्ष्य कैसे पाएंगे इसके लिए यदि देश को कुरबान करने की जरूरत पड़े तो उससे भी नहीं चूकेंगे । ये इनके इरादे हैं । मैं कहना चाहती हूं कि अगर इनकी धर्म में आस्था होती और जिस तरह के खोखले और बेबुनियाद तथ्य ये देश के सामने देते हैं मंदिर निर्माण के लिए अगर उनमें जरा भी तथ्य होता, जरा भी सच्चाई होती तो ये आस्था का सहारा नहीं लेते । बार-बार यह कहते रहे कि हम अदालतों की बातों में विश्वास नहीं करते । हम कानून और संविधान की बात नहीं करते । यह धार्मिक मामला है, यह आस्था से हल होगा । इसका मतलब यह है कि इनके कथन और तथ्यों में कोई सच्चाई नहीं है । कोई हकीकत नहीं है । इन्होंने लोगों की सांप्रदायिक भावनाओं से खिलवाड़ किया । भारत के बहुसंख्यक हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ किया और उनका नेतृत्व करने के लिए इन्होंने जो रास्ता चुना इस देश की जागरूक जनता को मैं बधाई देती हूं, इस देश की धर्म निरपेक्ष जनता को मैं बधाई देती हूं कि उसने इनके इरादों को नाकाम कर दिया ।

महोदय, इन्होंने बड़े नाटक किये । पहले आग लगाते हुए पूरे देश में ये सोमनाथ से निकले, आडवाणी जी पूरे देश में आग लगाते हुए घूम रहे थे । उस वक्त केन्द्र में कांग्रेस की सरकार नहीं थी, वी. पी. सिंह की सरकार थी । इनकी मिलीभगत थी । इनकी इच्छा शक्ति नहीं थी । उन्होंने इनको रोकने का कोई प्रयास नहीं किया और जब देश में सांप्रदायिक भावनाएं उभरीं, विनाश लीला पूरे देश में आरंभ हुई तब जाकर बिहार में उस रथ को रोका गया । फिर इनकी शिला पूजन यात्रा शुरू हुई, फिर इसके बाद ज्योति यात्रा, फिर खड़ाऊं पूजन यात्रा । यहां पर जोशी जी बैठे हुए हैं, इन्होंने भारत एकता यात्रा निकाली । इन्होंने यह काम कन्याकुमारी से काश्मीर तक जो एकता यात्रा निकाली यानी भारत की एकता तोड़ो यात्रा, बिना जनसमर्थन उसकी हवा निकल गई, वह कहीं नहीं पहुंची । बेचारे बहुत मुश्किल से अकेले वहां पहुंचे ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Madam, you have to complete your yatra now.

श्रीमती सत्या बहिन : मैं कहना चाहती हूं कि भारतीय जनता पार्टी जो बेचैनी है, वह बेचैनी क्यों है । ये बार-बार जोर लगा रहे हैं कि चुनाव कराओ । कांग्रेस पार्टी हमेशा सेक्युलरिज्म का सम्मान करती है, लोकतंत्र में विश्वास करती है । हमारी पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है । चुनाव अवश्य होंगे और आप कहीं नहीं होंगे, यह बात आप याद रख लीजिए ।

माननीय सदस्य : करवा लीजिए ।

श्रीमती सत्या बहिन : धीरज रखिये । आप जनाधार की बात करते हैं । भाजपा का लखनऊ में हस्ताक्षर अर्पण समारोह हुआ था । आपने देख लिया वहां क्या हुआ । उसमें कितने हजार लोग थे ? केवल एक हजार ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उसमें केवल एक हजार लोग थे ।

श्रीमती सत्या बहिन : इनका लाखों का टारगेट था । इनका दावा था लाखों लोग आयेंगे । यह इसका प्रमाण है । इनका जनाधार खत्म हो चुका है । इन्होंने 6 दिसम्बर का दिन चुना था । वह दिन बाबा अम्बेडकर साहब की पुण्य तिथि का दिन था । इन्होंने संविधान निर्माता की पुण्य तिथि का दिन

[श्रीमती सत्या बहिन]

चुना । यह दिन इन्होंने संविधान व लोकतंत्र की हत्या करने के लिए चुना था, संविधान की हत्या करने को यही दिन चुना था । इसलिए मेरी प्रार्थना है सभी दलों के लोगों से कि इनका जो संकेत यह था कि भारत के संविधान को नहीं मानते । हम मनु के संविधान को मानते हैं । उस संविधान को हिन्दुस्तान पर लादें। यह उनका ख्वाब है जो कभी पूरा नहीं हो सकता । उससे सावधान रहें ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Kindly conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : मैं संक्षेप में कह रही हूं । जिस दिन अयोध्या में मस्जिद को तोड़ा गया इनको मालूम था । इनका स्वयं का ही षड्यंत्र था ।

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : आपको भी मालूम था ।

श्रीमती सत्या बहिन : 6 दिसम्बर को मस्जिद को तोड़ा किन्तु उस आक्रोश के कारण 7 दिसम्बर को इनके मन में अपराध बोध था। इनके मुख्य मंत्री ने इस्तीफा देने का नाटक किया । इनके नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने भी इस्तीफा देने का नाटक किया ।

श्री लक्ष्मी राम अग्रवाल (मध्य प्रदेश) : प्रधान मंत्री ने तो वह नहीं किया ।

श्रीमती सत्या बहिन : उनका क्या अपराध, वह क्यों करें ? कल्याण सिंह और उसके नेता मस्जिद तोड़ने वाले कार सेवकों का अभिनन्दन कर रहे हैं । यह बेशर्मी है, स्वतंत्रता सेनानियों से उनकी तुलना कर रहे हैं । यह स्वतंत्रता आन्दोलन में हिस्सा लेने वालों का अपमान है । स्वतंत्रता आन्दोलन का अपमान है । **(व्यवधान)**

श्री विष्णु कान्त शास्त्री : उपसभाध्यक्ष, महोदय, इनका कितना समय है ?

श्रीमती सत्या बहिन : समय की चिंता आप क्यों कर रहे हैं । इनको कहना चाहिये था कि हम अपने वचन को पूरा नहीं कर पाये । हमने संसद में जो वायदा किया था वह पूरा नहीं कर पाये ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : You have to conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : मैं संक्षेप में कह रही हूं । इनको कहना चाहिए कि हमने सुप्रीम कोर्ट में जो वायदा किया था, उसको हम नहीं निभा पाये । हम इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हैं इसलिए राजनीति से इस्तीफा दे रहे हैं । लेकिन बड़ी बेशर्मी से कह रहे हैं कि यह राष्ट्रीय गौरव है । यह कितने शर्म और लज्जा की बात है । मेरे पास यह फोटो है जोशी जी की जिसमें इनके कन्धे पर उमा भारती बैठी हुई है ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : इसको तो आपको मढ़वा लेना चाहिए । **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : मैं यह कहना चाहती हूं सरकार से कि सावधान रहें इनके खतरनाक इरादों से । यह मथुरा और बनारस में अब इस आग को लगायेंगे । वहां आग लगाने की कोशिश करेंगे । क्योंकि इनको हिन्दुओं के वोट चाहिए थे । लेकिन ये भूल जाते हैं कि हिन्दू धर्म एक महान धर्म है । इसकी महानता के लिए, हिन्दुत्व के लिए इनके प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है .... **(व्यवधान)** । मैं यह कहना चाहती हूं कि मैं उत्तर प्रदेश की सांसद हूं, इसलिए मुझे बोलने दिया जाये ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : यह तो भाई बहिन के बीच की बात है, सरदार जी, आप बीच में क्यों बोल रहे हैं ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : Kindly conclude- There is no time for the Congress party.

श्रीमती सत्या बहिन : बनारस और मथुरा भी उत्तर प्रदेश में है जहां इनका आग लगाने का अब इरादा है । इसलिए मैं कहना चाहती हूं, गृह मंत्री जी यहां पर बैठे हुए हैं, जब अयोध्या में मस्जिद तोड़ी गई तो उसका टाइम 4.40 रखा गया । मस्जिद तोड़ने के बाद कल्याण सिंह ने पूछा, क्या काम पूरा हो गया है कि नहीं, आडवाणी जी ने कहा कि काम पूरा हो गया है । उसके बाद उन्होंने इस्तीफा

दे दिया । एक काम पूरा हो गया । दूसरी तरफ ऋतम्भरा जो जहर उगलने वाली अराजक महिला है उसके नाम पर मथुरा में 45 एकड़ जमीन अवैध रूप से अलाट कर दी गई क्योंकि इसके बाद इनका अगला कदम मथुरा है । ये मेरे क्षेत्र में आते हैं । ये लोग किस तरह से वहां भी आग लगाना चाहते हैं, यह किसी से छिपा हुआ नहीं है ।

THE VICE-CHAIRMAN (.SHRI V. NARAYANASAMY) : Kindly conclude. There is no time for the Congress party. You have to conclude.

श्रीमती सत्या बहिन : मैं बहुत संक्षेप में बोल रही हूं । ये लोग मेरा समय खराब कर रहे हैं । मैं इनको चेतावनी देना चाहती हूं कि ये ख्वाब देखना भूल जायें । अगर ये इसी तरह से मस्जिद तोड़ने के ख्वाब देखेंगे तो इनके ख्वाब अब पूरे होने वाले नहीं हैं । इनको मालूम है कि इनका जनाधार खिसक रहा है । धार्मिक खिलवाड़ करके इन्होंने राजनीति को कलंकित किया है, लोकतंत्र को कलंकित किया है, इस देश को कलंकित किया है, हिन्दू धर्म को कलंकित किया है । मैं यह कहना चाहती हूं कि हिन्दू धर्म तो एक महान धर्म है । उसको कलंकित करके इनको लानत ही मिलेगी । हिन्दू धर्म महान इसलिए है कि इसकी मर्यादायें महान हैं, इसके सिद्धांत महान हैं । इसलिए महान नहीं है कि इसके मंदिर बड़े भव्य और महान हैं । इसलिए भी महान नहीं है कि भारत में हिन्दुओं की आबादी ज्यादा है । मैं तो यह भी कहना चाहती हूं कि दुनिया में सबसे कम हिन्दू धर्म के लोग हैं, लेकिन फिर भी हिन्दू धर्म के प्रति लोगों में श्रद्धा है, लोग हिन्दू धर्म का सम्मान करते हैं । इसलिए इस धर्म को दुनियां में महानता मिली है । आप ने तो इसको कलंकित करके अक्षम्य अपराध किया है । अगर हिन्दू लोग संकुचित होते, संकीर्ण होते तो जब मस्जिद तोड़ी गई थी तब कम से कम 90 प्रतिशत हिन्दू इनको लानत नहीं देते या इनकी आलोचना नहीं करते। 90 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दुओं ने इनकी आलोचना की। भयभीत होकर इन्होंने कहा कि यह काम भाजपा या कार सेवकों ने नहीं किया यह तो शिव सैनिकों ने किया । बाल ठाकरे ने कहा कि शिव सैनक तो वहां गये ही नहीं, लेकिन फिर भी अगर आप कहते हैं शिव सैनिकों ने यह काम किया है तो मुझे उन पर गर्व है । इस प्रकार की बातें इन लोगों ने कही हैं । जनता दल के लोगों की भी कुछ स्पीचों को मैंने सुना । इस जहरीले साम्प्रदायिक नाग को दूध पिलाने का काम किसने किया है ? मैं यह भी कहना चाहती हूं कि कांग्रेस ने कभी भी साम्प्रदायिक ताकतों के साथ हाथ नहीं मिलाया । दो रास्ते मिले, दो विकल्प मिले और इसमें से एक विकल्प हुकूमत करना है लेकिन साम्प्रदायिक तत्वों से हाथ मिलाकर । कांग्रेस पार्टी ने हमेशा उस रास्ते को ठोकर मारी है और विपक्ष में रहना पसन्द किया है । मैं कहना चाहती हूं कि कांग्रेस ने हमेशा इस जहरीले नाग को कुचल कर रखा और उसको कभी सर नहीं उठाने दिया । लेकिन उस जहरीले सांप को अगर किसी ने दूध पिलाया तो विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार ने पिलाया है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : You may kindly conclude. You have taken more than 15 minutes and the time left for the Congress party is only 4 minutes.

श्रीमती सत्या बहिन : मान्यवर, मैं कहना चाहती हूं कि जनता दल व भाजपा एक ही हैं चोर चोर मौसेरे भाई होते हैं । ये कांग्रेस की आलोचना करते हैं । जितनी भी साम्प्रदायिक ताकतें हैं, ये आग लगाती हैं और कांग्रेस आग बुझाती है । अगर आग बुझाने में कांग्रेस को अपना हाथ जलाना पड़ता है तो भी यह वह करती है । अंत में मैं यह कहती हूं कि सरकार को साम्प्रदायिक राजनीति को सख्ती से कुचल देना चाहिये । इनकी जो साजिश है वह देश को तोड़ने की साजिश है । इन पर अंकुश लगाने की, इनको प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है, यही मैं कहना चाहती हूं ।

SHRI MENTAY PADMANABHAM: Sir, after hearing the Home Minister's statement as to the reasons for the introduction of this Bill, I am still not able to understand as to why this Bill is brought in this

[Shri Mentay PadrnanabhamJ

form. Sir, this Ordinance was issued after December 6th and the Ordinance also did not serve any purpose. It is only to silence the criticisms within the party that the Government resorted to that kind of Ordinance. As a matter of fact, we have been demanding of the Government to acquire all the disputed sites even before December 6th. A number of times we met the Prime Minister. A number of times we participated in the All-Party meetings and many times, We demanded, we suggested, that the entire disputed site should be acquired by the Central Government so that the status quo could be maintained there, so that the structures, whatever were there, could be protected. But the Government did not need that advice and allowed the Babri Masjid to be demolished on December 6th. Sir, in this connection, I would like to say that the BJP should own total responsibility for the destruction of the Babri Masjid structure there and the BJP should also own moral responsibility for what has hep-pened after December 6th. Whatever calamities that this country is facing even today by way of bomb blasts in Bombay or Calcutta or whatever place, this December 6th incident *is the originator, is the seed from* which the calamities are taking place now in various parts of the country. Therefore, Sir, there is absolutely no question of saying that the BJP is not responsible. The BJP is totally responsible. But what about the Government, Sir ? How did the Government behave before December 6th ? Why has this Bill been brought forward now ? The main purpose appears to be it is not to protect the structure there because the structure was already removed, it was already destroyed that, the Government wants to acquire this site for the purpose of handing over this site to a trust. And if that is what the Government is thinking, it is really most unfortunate. This is a departure from the policies that the various Governments have been pursuing ever since independance. We never built any buildings, *Wc* n;vsr hu'1 i any masjids. We never built any temples. That is not the business of thj Government. The so-called secular Government should not enter in'o this field. That has been our attitude right from the beginning. But now, in order to save their face, in order to silence the criticisms within their party, they have taken up this issue and now they are bringing this Bill. Sir, there is one more point here. I we have been asking this Government whe-; ther this Bill is Constitutionally valid or j not. This is also doubtful. The Supreme I Court has come out in its various decisions J *that the* Government, the executive, has I no power to change the basic features of j the Constitution. Now this Bill which j appears to be arrogating to itself the powers j of the State Government is a compromising i the very federal principles enshrined I in the Constitution. It is also doubtful i whether this Bill is constitutionally valid. 1 request the hon. Home Minister to examine this aspect also. One more point I would like to make.

THE VIC-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY) : This is the last point.

SHRI MENTAY PADMANABHAM : There is still time. I have some friends >jn the BJP. They are quite categorical on one point, that is, the site which is acquired now should not be handed over to any trust because there is already a trust to construct the temple. Here 1 would like to mention that the BJP and the VHP and a lot of other organisations which are there, had collected crores and crores of rupees for the construction of the temple. According to my information— the Government have also this information— about two or three years ago, income tax people raided some of the offices of the VHP and other organisations which were collecting huge funds in the name of construction of the temple. Now that the Government has taken up the issue and decided to create a new trust and entrust it wi'h the construction of the temple. I would like to know as to what will happen to the funds collected in the name of construction *ol* the temple. Does the Government corn-template taking over the funds or invoking th; penal clauses against these organisations for their failure to render accounts ? These ;re all trus's and thes; trusts should publish their accounts. They have to show the'r accounts. I wo eld like to know wheiier the Government entrusted this job to the Income Ta>: Department or to any ether vigilance agency to go into (his aspect. Therefore, I would like to know from the hon. Home Minister whether he has done anything in this direction.

Another point is, even if a trust is ■reated and entrusted with the construction of a mosque in the same place where a mosque existed bul which was no demolished are they going to construct the mosque in the same place ? The Government, immediately after the 6th December, announced that they were going to construct the mosque in the same place where it existed before the demolition. I would like to know whether their stand on the issue is the same or they are going to take a different attitude.

